दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 46
कोटद्वार मंगलवार
6 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर प्रह्लाद सिंह का निधन, सीएम धामी ने जताया शोक

**देहरादून** । उत्तराखंड राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में संरक्षक ठाकुर प्रह्लाद सिंह का सोमवार दोपहर निधन हो गया। वे करीब एक साल से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार को उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सीएम धामी ने उनके निधन पर शोक जताया। उनके निधन की खबर से प्रदेशभर के कर्मचारियों में शोक की लहर है।

बता दें कि, वर्ष 2000 में राज्य निर्माण से लेकर वे 2021 तक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इसके बाद बीमारी के चलते उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया।

## महिला से छेड़छाड़ और गाली-गलौज में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। बीते रविवार की देर रात को मनचले ने एक महिला के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौज भी की। जिससे महिला पक्ष के लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विकासनगर चौकी पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली गलौज का मुकदमा दर्ज करने के बाद लोग शांत हुए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रविवार देर रात एक महिला जैन सरिया वाली गली में जूस की दुकान के पास किसी कार्यवश खड़ी थी।

# अवधेश राय हत्याकांड में माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

**वाराणसी, एजेंसी।** 32 साल पुराने वाराणसी के बहुचर्चित अवधेश राय हत्याकांड में विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए कोर्ट) अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास और एक लाख 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर मुख्तार को छह महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। मुख्तार द्वारा अब तक जेल में बिताई गई अवधि आजीवन कारावास की सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी। पूर्वांचल में सभी की निगाहें इस ओर टिकी थी कि मुख्तार को क्या सजा मिलेगी।

बीते एक साल में मुख्तार अंसारी को छह मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। लेकिन इन सभी मामलों में अवधेश राय हत्याकांड में उसे पहली बार उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट के फैसले के मद्देनजर सिविल कोर्ट परिसर के साथ ही नौ मंजिला बिल्डिंग स्थित अदालत कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था सख्त रही।अधिवक्ता अनुज यादव ने बताया कि दिनदहाड़े अवधेश राय की हत्या की गई थी। 32 साल पुराने इस मामले में एमपी-एलएलए कोर्ट ने मुख्य आरोपी मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया। एमपी-एमएलए कोर्ट में सिर्फ मुख्तार अंसारी का केस चल रहा था, बाकी अभियुक्तों का मामला इलाहाबाद के जिला न्यायलय में लंबित है।



अवधेश राय पूर्व मंत्री व पिंडरा के कई बार विधायक रहे और अब कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई थे। सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले का अजय राय ने स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बड़े भाई की हत्या करने वालों के खिलाफ तीन दशक से ज्यादा समय से संघर्ष कर रहा हूं। माफिया के धनबल, बाहुबल और सत्ता से गठजोड़ के आगे कभी नहीं झुका। न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। अपने परिवार और अधिवक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं रहूं या ना रहूं लेकिन इन लोगों ने लड़ाई जारी रखी। तीन अगस्त 1991 को वाराणसी के चेतगंज थाना क्षेत्र के लहुराबीर इलाके में रहने वाले कांग्रेस नेता अवधेश राय अपने भाई अजय राय के साथ घर के बाहर खड़े थे। सुबह का वक्त था। एक वैन से आए बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अवधेश राय को गोलियों से छलनी कर दिया गया। अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना से पूरा पूर्वांचल सहम उठा था।

पूर्व विधायक अजय राय ने इस मामले में मुख्तार अंसारी को मुख्य आरोपी बनाया। साथ में भीम सिंह, कमलेश सिंह व पूर्व विधायक अब्दुल कलाम और राकेश न्यायिक का भी नाम रहा। इनमें से कमलेश व अब्दुल कलाम की मौत हो चुकी है। राकेश न्यायिक का केस प्रयागराज कोर्ट में चल रहा है।

हत्या जैसे मामले में फोटोस्टेट पत्रावली के आधार पर सुनवाई का संभवतः यह पहला प्रकरण है। इसके बाद मामला हाईकोर्ट तक गया। लेकिन, लंबी कानूनी प्रक्रिया के तहत यहीं की अदालत में सुनवाई पूरी हुई। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने पांच जून को फैसले के लिए पत्रावली सुरक्षित रख ली थी। आज कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया।

# ग्लेशियर खिसकने से यात्रा मार्ग बंद

### बर्फ में दबा लापता महिला श्रद्धालु का शव बरामद

**जोशीमठ(चमोली), एजेंसी।** हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकुड़ी ग्लेशियर प्वाइंट के पास ग्लेशियर खिसकने से बर्फ में लापता हुई महिला की तलाश में आज फिर बचाव अभियान चलाया गया। सुबह करीब साढ़े बजे एसडीआरएफ ने बर्फ में दबा हुआ महिला यात्री का शव बरामद कर लिया है। वहीं, यात्रा मार्ग पर भारी बर्फ आने से रास्ता बंद हो गया है। जिससे यात्रा भी रोकी गई है। बता दें कि रविवार शाम छह बजे ग्लेशियर खिसकने से बर्फ की चपेट में छह श्रद्धालु आ गए थे। जिसमें से एक महिला श्रद्धालु अमृतसर निवासी 37 वर्षीय कमलजीत कौर लापता हो गई थी। महिला के पति समेत पांच श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर लिया था। हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों के लिए रात्रि विश्राम की सुविधा नहीं है। प्रतिदिन तीर्थयात्री यात्रा के बेस कैंप घांघरिया से छह किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हेमकुंड साहिब पहुंचते हैं। हेमकुंड सरोवर में स्नान कर गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद वापस लौट आते हैं।रविवार को अंतिम जत्थे में शामिल छह तीर्थयात्री हेमकुंड साहिब से समय पर निकल गए थे, लेकिन अधिक थकान होने के कारण शाम 6 बजे अटलाकुड़ी तक ही पहुंच पाए।

## लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हादसा, तेज आंधी में भारी भरकम बोर्ड गिरा, 3 लोग दबे

**लखनऊ , एजेंसी।** तेज आंधी में सोमवार करीब साढ़े चार बजे इकाना स्टेडियम का भारी-भरकम ग्लोसाइन बोर्ड गिर गया। बोर्ड स्टेडियम के ठीक सामने सड़क पर लोहे के एंगल पर लगा था। बोर्ड के नीचे कई कार, बाइक सवार और राहगीर दब गए। घटना से अफरातफरी मच गई। फिलहाल 3 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

बोर्ड के नीचे दबे लोग चीख-पुकार कर रहे थे। राहगीर भागे उन्होंने आनन फानन लोगों को निकालना शुरू किया। गोमतीनगर विस्तार, सुशांत गोल्फ सिटी पुलीस समेत कई अधिकारी और गोमतीनगर फायर स्टेशन की टीम पहुंचे। जेसीबी और क्रेन लगाकर बोर्ड में लगे लोहे के एंगल और मलबा हटाकर लोगों को निकाला जाने लगा।

कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें क्षेत्र में स्थित अस्पताल ले जाया गया।\

# सीएम धामी ने किए 272 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 272 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए मई 2023 में देहरादून में रोजगार मेले आयोजन किया गया था। विभिन्न कंपनियों में इन विद्यार्थियों के चयन के बाद आज नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 9 वर्षों से देश में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में जो अभियान चल रहा है, उसमें रोजगार मेले की एक कड़ी और जुड़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।




युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के उचित अवसर मिले इसके लिए विभिन्न तकनीकी संस्थाओं में प्रशिक्षण हेतु आधुनिक सुविधायें, ढांचागत विकास, उच्च स्तरीय ई-लर्निंग केन्द्रों की स्थापना, विभिन्न तकनीक के विस्तार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य प्रदेश को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकसित करते हुए जनमानस की समस्याओं का पारदर्शिता पूर्ण निराकरण कर गुड गवर्नेंस देना है।



# भगवान नागराज प्रकट दिवस के अवसर पर आयोजित गौ महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम धामी





देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चोपड़ाधार कटखाण, चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी स्थित नागराज मंदिर में भगवान नागराज प्रकट दिवस के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मेले ह्यगौ महोत्सवव्ह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नागराज मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में कथावाचक स्वामी गोपाल मणि जी महाराज की कथा में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नागराज मंदिर में पैदल एवं सड़क मार्ग का निरीक्षण कर, मार्गों को शीघ्र विकसित किए जाने की बात कही। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गोपाल मणि महाराज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूज्य संत गोपाल मणि महाराज जी के प्रयासों से देश–विदेश में सनातन संस्कृति को संवारने एवं लोगों में गौ सेवा का भाव पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान नागराज जी की महिमा से हम सभी भली–भांति परिचित हैं और इसी कारण यहां देश–विदेश से श्रद्धालु शीश झुकाने आते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में गाय को मां का दर्जा प्राप्त है। गाय हमारी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। जो लोग गाय पालते हैं उनके पास धन संपदा की कोई कमी नहीं रहती। गौ रक्षा की बात करना हमारे लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के डेयरी सेक्टर को मजबूत करना, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश सरकार गौ संरक्षण एवं डेयरी विकास की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड की स्थानीय संस्कृति तथा धार्मिक आयोजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिए जाने पर कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड से जाकर विदेशों में बसे हमारे प्रतिभाशाली लोग भी अपनी लोक संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि के सभी देव स्थानों, मंदिरों और पूजा स्थलों को विकसित करने और उनका नियमित रखरखाव करने के लिए प्रतिबद्ध है। देवभूमि के प्रसिद्ध मंदिरों के साथ–साथ स्थानीय पूजा स्थलों और पौराणिक स्थलों को भी तीर्थाटन और पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड को देश और दुनिया की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक राजधानी बनाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार, उत्तराखंड के गांवों और युवाओं को जितना हो सके उतना सशक्त बनाए जाने पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सुदूर गांवों तक सभी प्रकार की सुविधाएं पहुंचे। देवभूमि के सभी गांव 21वीं सदी के गांव बने। प्रदेश में सैकड़ो दिव्य स्थल एवं पौराणिक धरोहरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य भी तेज़ी से चल रहा है। जिससे स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से उत्तराखंड राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर संत गोपाल मणि जी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नागराज मंदिर में आने से इस क्षेत्र के लोगों में खुशी के साथ क्षेत्र के विकास की उम्मीद जगी है। इस दौरान विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता : भट्ट

चमोली : प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मविभूषण चंडी प्रसाद भट्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा पर्यावरणीय असंतुलन के चलते पूरी दुनिया त्रस्त है। तथाकथित विकास के नाम पर संसाधनों का अविवेकपूर्ण ढंग से अंधाधूंध दोहन हो रहा है, जिसके चलते धरती पर जीवन खतरे में पड़ गया है।

उन्होंने कहा कि एक ओर प्राकृतिक आपदाओं की मार बढ़ती जा रही है। मौसमीय बदलाव के कारण आजीविका खासकर खेतीबाड़ी पर निर्भर परिवारों के ऊपर संकट बढ़ गया है। समाज के सबसे ग़रीब व्यक्ति की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर बछेर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण शिविर में प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक और चिपको आंदोलन के प्रणेता चंडीप्रसाद भट्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं हर किसी के लिए मिलनी चाहिए। इसके साथ ही पर्यावरण सुचिता का ध्यान भी रखा जाना चाहिए।

हिमालय को पौधों से संवारने के संकल्प में लगे शिक्षक मनोज तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में गांव की महिलाओं, वन पंचायत सरपंचों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता मंगला कोठियाल, वन पंचायत सरपंच बचन सिंह रावत, बलबीर सिंह रावत, सतेंद्र नेगी, प्रमिला देवी और अध्यक्षा गीता रावत ने पर्यावरण असुंतलन के कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। गोपेश्वर नगर को हरा भरा करने में सक्रिय मनोज तिवारी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में पर्यावरणीय संकट पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने विचार के साथ उसे कार्यरुप देने की आवश्यकता बताई। कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े काम शुरु होते हैं। (एजेंसी)

## पर्यावरण दिवस पर लिया धरती को बचाने का संकल्प

चमोली : पर्यावरण दिवस पर गोपेश्वर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से धरती को बचाने का संकल्प लिया गया। बाल भवन गोपेश्वर में बच्चों द्वारा जन जागरण रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने पर्यावरण और प्रकृति के महत्वपूर्ण तथ्यों को नारों के रूप में जनसामान्य तक पहुंचाया। इस अवसर पर बाल भवन के निदेशक विनोद रावत, प्रिंसिपल उत्तराखंड पब्लिक स्कूल अरुणा रावत, ड्राइंग टीचर संगीता और कमला कठैत मौजूद थे। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत शिवालिक ग्रुप में हर्षित ने प्रथम आराध्या द्वितीय आर्यन खत्री तृतीय स्थान, नंदा देवी ग्रुप में आयुष ब्रह्मपाल प्रथम गरिमा रावत द्वितीय अथर्व सती व आरुषि तृतीय स्थान, कामेट ग्रुप एंजेल प्रथम स्थान पर कृष, द्वितीय गुंजन रावत तृतीय, नीलकंठ ग्रुप में आंचल सजवार प्रथम, भूपेंद्र द्वितीय, मनस्वी तृतीय स्थान प्राप्त किया। पर्यावरण दिवस पर गोथल चरण पादुका समिति ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया संकल्प संगठन ने छात्र–छात्राओं के साथ वृहद पौधारोपण किया। (एजेंसी)

# जोशीमठ की तर्ज पर की पुनर्वास एवं विस्थापन की मांग



चमोली : नगर पालिका के बहुगुणानगर के आपदा प्रभावितों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रभावितों ने जोशीमठ की तर्ज पर पुनर्वास एवं विस्थापन की मांग की।

आपदा प्रभावितों ने कहा कि यदि 15 दिनों में सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो प्रभावित बड़ा आंदोलन करेंगे। सोमवार सुबह बहुगुणानगर के आपदा प्रभावित मंडी समिति परिसर में एकत्र हुए। यहां से प्रदर्शन करते हुए वाहनों के माध्यम से प्रभावित तहसील पहुंचे। यहां प्रदर्शन और सभा में प्रभावितों ने कहा कि पिछले करीब दो साल से बहुगुणानगर में तीन दर्जन से अधिक मकान धंस रहे हैं। यहां तक कई बार के निरीक्षण में प्रशासन और सरकार के मंत्रियों ने भी माना कि बहुगुणानगर में प्रभावित घर रहने लायक नहीं हैं। बावजूद सरकार और शासन ने प्रभावितों का पुनर्वास नहीं किया है। करीब एक घंटे तक हुए प्रदर्शन के बाद प्रभावितों ने एसडीएम कमलेश मेहता के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। एसडीएम कमलेश मेहता ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रदर्शन करने वालों में पुष्कर सिंह रावत, नारायण दत्त रतूड़ी, संतोष कुमार, हरिराम, भगवती प्रसाद, इंद्रा देवी, संतोष कुमार, देवराज रावत, सुभाष रावत सहित अन्य मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### चीनी मिल के ईडी को किया सम्मानित

ऋषिकेश। ओम नमो शिव शक्ति मंदिर समिति ने चीनी मिल डोईवाला के ईडी को सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान चीनी मिल के बेहतर संचालन के लिए दिया गया है। सोमवार को चीनी मिल डोईवाला गार्डन कॉलोनी में समिति की महिलाओं ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में चीनी मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष सविता शर्मा ने कहा कि समिति का उद्देश्य चीनी मिल को उंचाइयों पर पहुंचाने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना है। इसी के तहत अधिशासी निदेशक को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम अध्यक्ष अंजू त्यागी ने कहा कि इस वर्ष चीनी मिल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

### मारपीट और जान से मारने की धमकी में पांच पर मुकदमा

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने दो नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है। सुलेमान पुत्र नियाज, निवासी घमोलो खुशालपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन जून को आरोपी शाहरुख पुत्र मेंहदी हसन, अर्सलान पुत्र मेंहदी हसन निवासी घमोलो खुशालपुर और तीन अन्य अज्ञात लोगों ने उसके साथ रामपुर में जमकर मारपीट की है। जिससे उसे गंभीर चोटें आयी हैं। बताया कि आरोपियों से उसको खतरा है। कभी भी आरोपी उस पर हमला कर सकते हैं।

### सरकारी विद्यालय में लगवाया वाटर कूलर

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राइंका खदरी में वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्लब सदस्य आशीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। सोमवार को रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राजकीय इंटर कॉलेज खदरी में कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब ने विद्यालय में वाटर कलूर लगवाया। इसका उद्घाटन क्लब के सदस्य आशीष गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने किया।

# वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण की सख्त जरूरत



नई टिहरी : विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर कांग्रेस कमेटी नई टिहरी और पर्यावरण संरक्षण समिति कोटी कलोनी ने विश्व विख्यात पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा के आवास के निकट साफ सफाई कर फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम से पूर्व स्व. बहुगुणा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। जबकि वृक्ष मानव स्व. विशेश्वर दत्त सकलानी के पर्यावरण संरक्षण प्रयासों को सराहा गया। जनपद में पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा के आवास पहुंचकर कांग्रेसियों सहित पर्यावरण प्रेमियों ने पर्यावरण दिवस पूरी तन्मयता से मनाया। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि आज के दौर में पर्यावरण संरक्षण की सख्त जरूरत है। कार्यक्रम के पश्चता स्व. बहुगुणा के आवास परिसर में साफ सफाई कर फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शान्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि टिहरी जिले के दो गौरव दिवंगत सुंदर लाल बहुगुणा और विशेश्वर दत्त सकलानी हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। सकलानी ने 50 लाख पेड़ लगाए थे। जबकि स्व. बहुगुणा ने विश्व भर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया था। हमें इन महापुरुषों के कामों को आगे बढ़ा कर अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस और हरेला पर प्रति वर्ष कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जायेगा। भविष्य में फोरेस्ट और उद्यान विभाग से भी कार्यक्रमों के लिए पौधे और भूमि के लिए सुझाव मांगे जाएंगे। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री दर्शनी रावत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति भट्ट, गंगा बोट यूनियन अध्यक्ष नरेंद्र रावत, मनोज रावत, विवेक पंवार, सौरव, सुरेंद्र मुंडानी, सलीम, प्रदीप, मनोज रावत, बीरु, मूर्ति चौहान, अजय राणा, कवल अरोड़ा, सिसपाल, सूरज, राहुल, संदीप पंवार सहित अनेकों मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सीवर सुविधा से वंचित लोगों ने किया पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सीवर सुविधा से वंचित लोगों ने पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सर्वहारानगर सहित कई क्षेत्रों में सीवर लाइन नहीं बिछाए जाने पर नाराज जताई। उन्होंने सीवर से वंचित क्षेत्रों में शीघ्र सीवर लाइन बिछाने की मांग उठाई। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता निर्माण एंव अनुरक्षण ईकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदर्शन कर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि एक ओर भाजपा के लोग केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने का जश्न मनाने में मस्त हैं और ऋषिकेश के विधायक अपने सोलह सालों के कार्यकाल में विकास की गंगा बहाने की बात कर रहे हैं। लेकिन आज भी ऋषिकेश विधानसभा का पचास प्रतिशत से अधिक क्षेत्र सीवर सुविधा से वंचित है। एक ओर सरकार करोड़ों रुपये गंगा को स्वच्छ रखने और स्वच्छ भारत अभियान में खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर कई इलाकों में सीवर का पानी सीधे गंगा और सहायक नदियों में जा रहा है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी और समाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीएन तिवारी ने कहा कि कृष्णानगर कॉलोनी, सर्वहारानगर, बापूग्राम, शिवाजीनगर, सोमेश्वर मंदिर, गंगानगर सहित जिन क्षेत्रों में अभी तक सीवर लाइन नहीं डाली गई है, उन क्षेत्रों को सीवर लाइन से जोड़ने के लिये लगातार मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऋषिकेश धर्मनगरी हैं, तीर्थ स्थल, पर्यटक स्थल तथा योगनगरी के रूप में विश्व के मानचित्र पर अंकित है। उन्होंने सीवर के कार्य को शीघ्र आरंभ न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# केशवपुरी व राजीवनगर के लोगों को मालिकाना हक दे सरकार

ऋषिकेश। डोईवाला तहसील में आप कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुसवा नदी के किनारे बसी मलिन बस्तियों को हटाने के निर्णय पर आक्रोश जताया। उन्होंने यहां रहे लोगों को मालिकाना हक देने की मांग उठाई। सोमवार को आप कार्यकर्ताओं ने डोईवाला तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। पूर्व सभासद गोपाल शर्मा ने कहा कि केशवपुरी, राजीवनगर और कुड़कावाला सुसवा बस्ती में लोग 30–40 वर्षो से रह रहे हैं। लेकिन अब अतिक्रमण के नाम पर सरकार उन्हें बेघर करना चाहती है। जबकि सरकार ने इन जमीनों पर बिजली, पानी, सड़क जैसी सारी सुविधाएं लोगों को दे रखी हैं। डोईवाला विधानसभा के आप अध्यक्ष सरदार प्यारा सिंह ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव के समय पर इन ग्रामीणों को भरोसा दिलाती हैं कि इन्हें मालिकाना हक दिलाया जाएगा। लेकिन वोट पाने के बाद इनकी तरफ देखते तक नहीं हैं। प्रदेश संगठन समन्वयक डीके पाल ने कहा कि इन लोगों को सरकार पहले जमीन आवंटन करें, फिर इन्हें हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अशोक सेमवाल, सोनी कुरेशी, संजीव पाठक, सपना देवी, गोपाल शर्मा, अतहर अली, पुरुषोत्तम, कश्मीरी लाल, रीता देवी, सोनिया देवी, अफजल अली, मुस्तकिम, शाहिदा, रुखसाना, सुरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## रोटरी क्लब ने लगवाया राइंका खदरी में वाटर कूलर

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राइंका खदरी में वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्लब सदस्य आशीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। सोमवार को रोटरी क्लब ऋषिकेश ने राजकीय इंटर कॉलेज खदरी में कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब ने विद्यालय में वाटर कलूर लगवाया। इसका उद्घाटन क्लब के सदस्य आशीष गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने किया। क्लब अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस कंडारी द्वारा बच्चों के लिए वाटर कूलर का प्रस्ताव क्लब को दिया था। क्लब सचिव विशाल तायल ने कहा कि रोटरी क्लब ऋषिकेश सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

# आयुध निर्माणी में पर्यावरण दिवस मनाया गया



देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयुध निर्माणी देहरादून में कई कार्यक्रम किए गऐ। इसी के तहत सुबह एक जनजागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। इसको आयुध निर्माणी के महाप्रबंधक रणधीर कुमार सिंन्हा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।यह मार्च टाईप थ्री के पार्क से शुरू होकर आयुध निर्माणी स्टेडियम में समाप्त हुआ।

इस अवसर पर यहां एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि विमेन वेलफैयर एसोशियेशन की अध्यक्षा वनिता सिन्हा थी जबकि विशिष्ठ अतिथि इन्द्रागांधी राष्टीय वन अकादमी की प्रोफैसर व पर्यावरणविद राजकुमार वाजपेयी थे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री वाजपेयी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है । उन्होंने कहा पर्यावरणीय असंतुलन के चलते पूरी दुनिया त्रस्त है। तथाकथित विकास के नाम पर संसाधनों का अविवेकपूर्ण ढंगसे अंधाधूंध दोहन हो रहा है, जिसके चलते धरती पर जीवन खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर प्राकृतिक आपदाओं की मार बढ़ती जा रही है।

मौसमीय बदलाव के कारण आजीविका पर निर्भर परिवारों के उपर संकट बढ़ गया है। समाज के सबसे ग़रीब व्यक्ति की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण नहीं किया गया तो धरती पर मानव जीवन संकट में आ जाएगा। उन्होंने पालीथीन से होने वाले खतरे व दुष्प्रभावों के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आयुध निर्माणी के महाप्रबधंक श्री सिन्हा ने ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जन सहभागिता पर जोर देने की बात कही।इस अवसर पर आयुध निर्माणी के सभी अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन व एसोसियेशन के पदाधिकारियों सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। आज जनसुनवाई में 103 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, अतिक्रमण, अवैध प्लाटिंग से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त दिव्यांग पेंशन, वृद्वावस्था पेंशन, इंश्योरेंश फ्राड, आपसी विवाद, नाली निर्माण करवाने, विद्युत बिल, अधिक आने,कैफे में देर रात तक गाने बजाने, भरणपोषण, तथा घर के आगे वाहन पार्क करने, सौर ऊर्जा संचालित हैंडपंप लगाने, घरों में गंदा पानी आने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने तहसीलदार त्यूनी को जसुनवाई से वर्चुअल माध्यम से न जुड़ने तथा बिना अनुमति के स्टेशन छोड़ने पर तहसीलदार त्यूणी का स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि अपनी भूमि को कब्जामुक्त करें तथा रिकार्डरूम से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत भूमि का रिकार्ड प्राप्त करते हुए कार्यवाही करें। एक बुर्जुग महिला की पुत्रों द्वारा प्रताड़ित किये जाने की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक क्राइम को कार्यवाही के निर्देश दिए महिला को महिला को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय वाहन द्वारा भेजा गया। वहीं जिलाधिकारी जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सम्बन्धित अधिकारी को भी वाट्सएप्प के माध्यम से निस्तारण हेतु प्रेषित कर रही है। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि क्रय विक्रय में धोखाधड़ी की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करनें साथ ही भूमि धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध गैंगस्टर में कार्यवाही करें। समस्त उप जिलाधिकारी, नगर निगम एवं एमडीडीए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल संस्थान एवं पेयजल निगम को घरों में गंदा पानी आने की शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि गंदा पानी की समस्या की शिकायत दुबारा आने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी। जनसुनवाई में कोटड़ा संतौर में भू–माफियाओं द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण करने, ईस्टहोपटाउन में विकासनगर में भूमि पर कब्जा करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए , बंजारावाला में नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर एवं अपर मुख्य नगर अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिए। पण्डितवाड़ी में काश्तकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण करने तथा महिला शिकायकर्ता द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता रोके जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

## महिलाओं व बच्चों ने सीखें बेकार सामान से उपयोगी सामान बनाने के गुर

**पौड़ी** : उत्तराखण्ड पुलिस परिवार के कल्याण के लिए बनाए गए उत्तराखण्ड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों को घर पर पड़े बेकार माचिस की तिलियों, छोटे-छोटे पत्थर, पॉलिथीन, लकडियां आदि से पर्यावरण संरक्षण हस्तशिल्प और बेकार पड़े सामान से उपयोगी चीजें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक टीना रावत, शिक्षक पंकज सुंद्रियाल ने महिलाओं व बच्चों को घर पर पड़े बेकार माचिस की तिलियों, छोटे-छोटे पत्थर, पॉलीथिन, लकड़ियों आदि से हस्तशिल्प और बेकार पड़े सामान से उपयोगी चीजें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों ने माचिस की तिल्लियों से कलाकृतियां बनाकर कला का प्रदर्शन किया। जिसमें मुख्य रुप से केदारनाथ मन्दिर, चर्च, ताजमहल आदि बनाने की जानकारी महिलाओं को दी गई। यह कला उत्तराखण्ड़ की प्राचीन काष्ठकला को जीवित करने में सहायक होगी।

# समस्याओं पर भड़की कांग्रेस, आंदोलन की चेतावनी

### जिला कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कोटद्वार शहर में मेडिकल कालेज निर्माण नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि जनता की अनेदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समस्याओं के निस्तारण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही भाजपा अपने वादों को भूल गई। ज्ञापन में कहा गया है कि शासन प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोटद्वार की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है, जिस कारण आम जन आक्रोशित है। ज्ञापन में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने सहित पूर्व सैनिकों की पेंशन विसंगतियों को दूर करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, चिल्लरखाल-लालढ़ांग मोटर मार्ग का निर्माण करने, कण्वाश्रम में पर्यटक स्थल हेतु चयनित भूमि पर निर्माण कराने, कोटद्वार मेडिकल कालेज व केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने, खस्ताहाल सड़कों की हालत सुधारने और कोटद्वार में प्रस्तावित बाइपास पर पुर्नविचार करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, साबर सिंह नेगी, शूरवीर खेतवाल, अंकुश घिल्डियाल, धीरजधर बछवाण, बाबी बिष्ट, आशाराम, जनक भाटिया, रश्मि पटवाल, महावीर सिंह और सुधा असवाल आदि थे।



तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

## 25 जून को होंगे वैश्य अग्रवाल सभा के चुनाव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वैश्य अग्रवाल सभा के चुनाव आगामी 25 जून को होंगे। इस दौरान पदाधिकारियों ने सदस्यों के समक्ष अपने आय-व्यय का व्यूरों भी प्रस्तुत किया।

पटेल मार्ग स्थित एक वैडिंग प्वाइंट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभा के अध्यक्ष शरद चंद गुप्ता ने विगत पांच वर्षों का लेखा-जोखा सार्वजनिक किया। कोषाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात वैश्य अग्रवाल सभा की नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए चुनाव करवाए जाने का निर्णय लिया गया। चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा कर दी है। तय हुआ कि 14, 15 व 16 जून को नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 19 जून को नाम वापिसी होगी व 25 जून को चुनाव करवाया जाएगा। उसी दिन मतगणना करने के बाद चुनाव परिणाम भी घोषित किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, श्रीकृष्ण सिंघानिया, दिनेश एरन, पवन एरन, अमिताभ अग्रवाल, राकेश अग्रवाल मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने की झाली माली मंदिर में पूजा-अर्चना



झालीमाली मंदिर में पूजा-अर्चना करते ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखण्ड कल्जीखाल के कुनकुली गांव के झाली माली मन्दिर में ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेन्द्र राणा ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए आगे आने की भी अपील की।

कुनकुली गांव पहुंचे ब्लॉक प्रमुख का ग्रामीणों ने ढोल दमाऊ एवं फूल मालाओं से स्वागत किया। गांव के झालीमाली मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने अपने राज्य व देश के लिए सुख शांति की कामना की। महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि कोरोना काल में हम देवी देवताओं का पूजन नही कर सके, लेकिन आज प्रत्येक गाव में देवी देवताओं का पूजन किया जा रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमें अपनी पुरानी पीढ़ियों से चली आ रही परम्पराओं को जीवित रखना होगा। हमारे उत्तराखण्ड में देवी-देवताओं का वास है। प्रमुख ने कहा कि हमें अपनी गढ़वाली भाषा को जीवित रखना है तथा गढ़वाली भाषा में बात करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत सुधीर भटट, प्रेम सिंह नेगी, सुबोध थपलियाल, रोहित थपलियाल, पप्पू नयाल, धन सिंह नेगी, मदन सिंह, चन्द्रमोहन नेगी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, सोनू देवी, जशोदा देवी आदि मौजूद रहे।

## भारत तिब्बत सहयोग मंच ने किया पौध रोपण, संरक्षण का संकल्प



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ताओं ने गिवई स्त्रोत स्थित खाली वन भूमि पर पीपल, बरगद आदि जीवन उपयोगी पौधों का रोपण किया। इस दौरान मंच ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए। मंच के प्रकृति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कोटनाला ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए ही नहीं बल्कि सृष्टि के जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग है। जिस प्रकार से पूरे विश्व के अंदर वृक्षों का कटान हो रहा है। उसके चलते कई गंभीर संकट मानव जीवन के समक्ष उठ खड़े हुए हैं अचानक से अत्यधिक बारिश ,अत्यधिक गर्मी, अत्यधिक ठंड जैसे कई प्रकार के प्राकृतिक संकट हम सबके समक्ष आ रहे हैं, जिससे जनहानि और मानव हानि हो रही है। इन सब को रोकने के लिए हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर एडवोकेट अमिताभ अग्रवाल, हार्दिक सिंह, सौरव रावत, धीरेंद्र गढ़वाली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया चौंदकोट महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दिखी धूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** एकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मालैई के भूमिया डाडा में दो दिवसीय चौंदकोट महोत्सव का आगाज हो गया है। कार्यक्रम में थड़िया-चौंफला सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पहाड़ी की संस्कृति व सभ्यता को बचाने का भी संकल्प लिया।

मुनाल समिति की ओर से आयोजित महोत्सव का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी, सहकारी बैंक के निदेशक नरेंद्र सिंह नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सनील रावत, ग्राम प्रधान संतोष नेगी, ग्राम प्रधान तेजपाल पंवार व कार्यक्रम संयोजक मुनालश्री विक्रम सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।



चौंदकोट महोत्सव में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी के साथ महिला मंगल दल की सदस्य।

वक्ताओं ने कहा कि हमें अपने संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए गंभीरता से कार्य करना होगा। हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। इसके उपरांत मिमिकरी कलाकार जीतू पहाड़ी

**मुनाल समिति की ओर से मनाया गया जा रहा दो दिवसीय चौंदकोट महोत्सव**

ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। ग्राम मालैई, बलूली, कगतून, नौगांव, जटोली, नंदोली की महिलाओं ने पारंपरिक लोक नृत्य थड़िया-चौंफला की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान समजा सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए जयपाल सिंह रावत, हरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान झब्बर सिंह रावत, विनोद सिंह नेगी, गब्बर सिंह बिष्ट, बाघ सिंह रावत, कुलदीप रावत, सनतन सिंह रावत, साबर सिंह रावत, तेजिंदर सिंह रावत, दीपक बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण मित्र देवभूमि ने किया पौध रोपण

**कोटद्वार** : पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण मित्र देवभूमि के सदस्यों ने मोटाढांग तल्ला में पौध रोपण अभियान चलाया। इस दौरान सदस्यों ने आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की।

मोटाढांग स्थित आकृति गौ सेवा संस्थान में पौध रोपण अभियान चलाया गया। सदस्यों ने आंवला, आमलतास, जामुन, अमरूद आदि के पौधों का रोपण किया। आकृति गौ सेवा संस्थान की अध्यक्ष सुषमा जखमोला ने सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बिना पर्यावरण संरक्षण हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस मौके पर शिवम नेगी, पूजा बेलवाल, योगेश तिवाड़ी, दीपक मैंदोला, दीप नारायण, शालिनी कुलाश्री, संदीप रावत, निशा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# सुखरो नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्यों में अनियमित्ता का आरोप, जांच की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सुखरो नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्यो में अनियमित्ता का आरोप लगाते हुए क्षेत्रवासी ने केंद्रीय भवन शोध संस्था रूड़की से जांच करवाने की मांग की है। कहा कि मानकों के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य से यह दीवार कुछ ही वर्षों से धराशायी हो जाएंगी। इससे क्षेत्रवासियों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

समस्या के संबंध में युवा अनिकेत ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को भी ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सिंचाई विभाग सुखरो नदी पर बाढ़ सुरक्षा दीवार बना रहा है। लेकिन, सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए बन रहे ब्लाक मानकों के विपरीत बनाए जा रहे है। ब्लाक बनाते हुए मानकों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सीमेंट, रेत, बजरी के अनुपात में भी घोर अनियमितता बरती जा रही है। इससे क्षेत्रवासियों को लाभ नहीं मिल पाएगा। कहा कि जनता के पैसों का इस तरह दुरुपयोग ठीक नहीं है। जिस तरह से यह सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य हो रहा है उससे लगता है यह एक वर्ष भी नहीं टिक पाएगा।

उन्होंने सुरक्षा दीवार निर्माण की जांच केंद्रीय भवन शोध संस्थान रूड़की से किए जाने की मांग की है।



सुखरो नदी में चल रहा बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य

## भाषण में शिवांगी और कविता में निशा रही अव्वल

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर के भूगोल विभाग ओर से पर्यावरण जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत पर्यावरण से संबंधित विषय पर एक उत्तराखंड में जंगलों में आग से बचाव के लिए सामुदायिक भागीदारी जरूरी है विषय पर भाषण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर कविता प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवांगी राणा, द्वितीय स्थान योगेश सिंह दानू तथा तृतीय स्थान राखी ने प्राप्त किया। जबकि कविता प्रतियोगिता में निशा ने प्रथम, गौरवी पांडे ने द्वितीय एवं अंकित नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी, प्रो. मोहन सिंह पंवार, प्रो. बीपी नैथानी ने वनों को आग से बचाव के लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी होनी जरूरी बताई। संचालन शोध छात्रा नेहा चौहान एवं शिल्पी यादव ने किया। कार्यक्रम संचालन समिति के सदस्य डॉ. नीमा भेतवाल, डॉ. चंद्र बल्लभ, शोध छात्र सुनील सिंह, गौरव, गौरी, देवेंद्र, अंजू झिकवाण, आदर्श, सत्यम, सिद्धार्थ अमित, विकास रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विद्यार्थियों ने किया पौध रोपण, संरक्षण का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरसीडी पब्लिक स्कूल शिवराजपुर की एनएसएस इकाई ने पौध रोपण अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के गढ़वाल मंडल समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी व कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने अमरूद का पौधों का रोपण कर किया। पुष्कर सिंह नेगी ने बताया की संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान निर्धारित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस विषय का चयन करने का उद्देश्य घर-घर लोगों को प्लास्टिक व पॉलिथीन का प्रयोग न करके जीरो वेस्ट जीवन शैली को अपनाना है। कार्यक्रम अधिकारी शंकर बहादुर ने स्वयं सेवियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर विद्यालय की शिक्षिका अंजलि गुसाईं, उमंग शर्मा, राधा देवी, संकेत रावत, पीयूष थपलियाल, आयुष रावत, लक्की बिष्ट, पायल रावत, आदित्य गुसाईं, दिव्यांशु रावत, अंजली पंवार, आंचल, खुशी, सोनी रावत, दिव्यांशी, साहिल, सोनिया, अपेक्षा, महेंद्र आदि मौजूद रहे।




कोटद्वार के आरसीडी पब्लिक स्कूल में पौध रोपण अभियान चलाते स्वयं सेवी

# रिखणीखाल के डल्ला के पास फिर दिखा बाघ, दहशत में ग्रामीण

### वन विभाग ने तैनात की टीम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** विकासखण्ड रिखणीखाल के डल्ला गांव के पास बाघ फिर से दिखाई देने का वीडियो सामने आया है। वीडियों में बाघ खेतों में घूमता दिखाई दे रहा है। जिससे ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने की मांग की है। डीएफओ ने इसकी पुष्टि की है। बताया कि एहतियातन टीम को तैनात कर दिया है।

बता दें कि कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे इस इलाके में बाघ ने बीती 13 अप्रैल को हमला कर एक व्यक्ति को मार दिया था, जबकि इसके तीन बाद नैनीडांडा ब्लाक के भेड़गांव में भी बाघ के हमले में एक रिटायर शिक्षक की मौत हो गई थी। इसके बाद वन विभाग की टीमों ने दोनों ही इलाकों मे ड्रोन और लाइव कैमरों के जरिए बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी थी। बाघ के दो शावक डल्ला गांव के आस-पास दिखाई दिए थे, जबकि भेड़गांव में भी बाघ दिखाई दिया था। बाघ के दिन में ही घूमते रहने के कारण ग्रामीणों में काफी दहशत बनी हुई थी। मुख्य वन संरक्षक ने यहां का दौरा कर वन विभाग के अतिरिक्त स्टाफ की भी तैनाती की थी। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाने के साथ ही यहां पशुचिकित्सकों की टीम तैनात की गई।

डल्ला के पास बीती 27 अप्रैल को एक बाघ को पकड़ने में सफलता भी मिल गई थी। इसके बाद लगातार बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी गई, लेकिन बाघ इन दोनों ही इलाकों में नहीं दिखाई दिया। तब माना जा रहा था कि बाघ कार्बेट में वापस चला गया हो। लेकिन रिखणीखाल के डल्ला गांव के पास ग्रामीणों का एक वीडियो पर फिर सामने आ गया। इसमें बाघ यहां खेतों में घूमता दिखाई दे रहा है। बाघ के दोबारा यहां दिखाई देने से ग्रामीण दहशत में है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने डल्ला के पास फिर बाघ के सक्रिय हो जाने की पुष्टि की है। डीएफओ ने बताया है कि वीडियो सही है और यहां बाघ के फिर से दिखाई देने के कारण टीम को एतियातन तैनात भी कर दिया गया है। वन संरक्षक गढ़वाल क्षेत्र पंकज कुमार ने बताया है कि इस संबंध में मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक से भी बातचीत की गई है। टीम बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

# समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने जताया रोष

**कोटद्वार** : नागरिक मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की मासिक बैठक में कोटद्वार विधान सभा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके निवारण की मांग की गई। इस दौरान सदस्यों ने जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर रोष व्यक्त किया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों की ओर से किए गए चुनावी वायदे अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं, इस कारण आम जन में रोष पनप रहा है। कहा कि कोटद्वार को जिला बनाने, क्षेत्र में मेडिकल कालेज की स्थापना करने, चिलरखाल-हरिद्वार मोटर मार्ग निर्माण सहित कई घोषणाएं कागजों में ही सिमट कर रह गई हैं। नगर निगम की ओर से पदमपुर में पंचायत भवन में संचालित हो रहे उप डाकघर को बंद करने का आदेश जारी किया गया है, जो अनुचित है। कहा कि खाली पड़े पंचायत घरों में सीएससी सेंटर खोले जाने चाहिए। मौके पर कोटद्वार से दिल्ली के लिए गढ़वाल एक्सप्रैस को रात्रि में संचालित करने व मसूरी एक्सप्रैस को पकड़ने के लिए कोटद्वार-नजीबाबाद के बीच लोकल ट्रेन संचालित करने की मांग भी की गई। चेतावनी दी कि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र ध्यान न दिए जाने की स्थिति में मंच जनसहयोग से आंदोलन करने पर बाध्य होगा। बैठक में मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, हरीश चंद्र भदूला, दिनेश जुयाल, राजेंद्र कोटनाला, देवव्रत काला, राकेश अग्रवाल, विजय माहेश्वरी और एसएन नौटियाल आदि थे।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर लोक प्रबंध विकास संस्था ने किया गोष्ठी का आयोजन



अल्मोड़ा। लोक प्रबंध विकास संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांडे गांव में पर्यावरण गोष्ठी, कठपुतली नाटक तथा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। गोष्टी को संबोधित करते हुए लोक प्रबंधन विकास संस्था के संचालक ईश्वर जोशी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि आज दुनिया के सम्मुख सबसे बड़ी चुनौती है, जो मानव द्वारा पर्यावरण के साथ की गई छेड़छाड़ का नतीजा है। इससे निपटने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण के साथ ही परिवेशीय स्वच्छता पर गंभीरता पूर्वक कार्य करना होगा। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सुंदर सिंह कोरंगा ने स्वच्छता हेतु ग्राम पंचायत के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कूड़ेदान का उपयोग सही तरीके से करने की अपील की। लोकपाल मनरेगा सरोजनी जोशी ने कहा कि स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों के संचालन में मनरेगा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके द्वारा मनरेगा के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। एएनएम हेमलता थापा ने गंदगी से होने वाली बीमारी की जानकारी दी। आशा फेसिलिटेटर मीना भाकुनी ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

## पूर्व दर्जाधारी बिष्ट के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

हल्द्वानी। पूर्व दर्जाधारी गजराज सिंह बिष्ट के जन्म दिन पर लामाचौड़ स्थित कलावती बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 40 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वालों में जिला मंत्री भाजपा प्रमोद बोरा, कमल नयन जोशी, त्रिवेणी गयाल, लाखन बिष्ट, पान सिंह मेवाड़ी समेत भाजपाई मौजूद रहे। इस मौके पर दर्जाधारी बिष्ट ने पौधरोपण भी किया।

कार्यक्रम में विजयलक्ष्मी चौहान, प्रतिभा जोशी, कुलदीप कुल्याल, त्रिवेणी ग्याल, संजय, पंकज जोशी, कैलाश भगत, धीरज पांडे, संदीप सनवाल, विजय मनराज, दीवाना डोंगरा, संजय जोशी, मनोज पांडे रहे।

# कल्याणिका पब्लिक स्कूल लमगड़ा में थानाध्यक्ष ने आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम




अल्मोड़ा। आज दिनांक– 05.06.2023 को थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित कल्याणिका पब्लिक स्कूल लमगड़ा में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के छात्र–छात्राओं व स्टाफ को सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित बच्चों को अपने परिजनों व वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट पहनने आदि यातायात नियमों का पालन कराने हेतु प्रेरित किया गया।

नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक कर नशे से दूर रहने व गांव या आसपास नशे से सम्बन्धित पदार्थ बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने बताया गया। वर्तमान में साईबर क्राईम के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत साईबर सुरक्षा एवं बचाव हेतु उपाय बताए गए।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु ने किया वृक्षारोपण



अल्मोड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र राजगुरु द्वारा पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने हेतु पुलिस लाईन परिसर अल्मोड़ा में स्वयं वृक्षारोपण कर सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रेरित करते हुए छायादार एवं फलदार पेड़ लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने की अपील भी की। पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक अल्मोड़ा विमल प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक जीतेन्द्र पाठक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाईन परिसर में छायादार एवं फलदार पेड़ लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ ली गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी थानों, चौकियों, फायर स्टेशनों आदि में सम्बन्धित प्रभारियों एवं कर्मचारी गणों द्वारा फलदार/छायादार पेड़ लगाकर पर्यावरण दिवस की शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाई गई।

## जसपुर ब्लाक की 52 ग्राम सभाओं में हुई जल संरक्षण पर चर्चा

काशीपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक ब्लॉक की 52 ग्राम सभाओं में विशेष बैठकें हुई। इसमें जल संरक्षण, ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शून्य लागत अथवा न्यून लागत आधारित पर्यावरण हितैषी योजनाओं पर चर्चा की गई। बीडीओ बीबी जोशी ने ग्राम सूरजपुर में प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। बीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन अथवा अन्य उपयुक्त स्थान पर लेखन के तहत प्रचार–प्रसार करने को कहा गया है। बैठकों के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ब्लॉक के सात नोडल अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में मौजूद रहे।

# आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा में योग शिविर प्रारम्भ



अल्मोड़ा। नगर के आर्मी पब्लिक स्कूल में 5 जून से योग प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। इस योग प्रशिक्षण शिविर की थीम 'योगा फ़ॉर वैल बीइंग' है, जिसे सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षक अमितेश सिंह द्वारा संचालित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु योग के महत्त्व को बताते हुए विभिन्न योग आसनों ताड़ आसन, वृक्षासन, त्रिकोण आसन, सूर्य नमस्कार, प्राण मुद्रा आदि से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया और उनका अभ्यास भी कराया। विद्यालय में यह कार्यक्रम 20 जून तक जारी रहेगा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील जोशी ने बताया कि योग हमें ज्ञानार्जन करने, आगामी जीवन में सामंजस्य स्थापित करने और भविष्य को उज्वल बनाने में सहायक होता है। इस प्रशिक्षण शिविर में कक्षा 8 से 12 के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

# मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में हर वर्ग का हुआ है विकासः अश्विनी त्यागी



अल्मोड़ा। केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान चल रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष के प्रदर्शन को जनता के सम्मुख रखने को अल्मोड़ा में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। महा–जनसम्पर्क अभियान के तहत केन्द्र सरकार की उपलब्धियां बताने प्रभारी अश्विनी त्यागी अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ लोकसभा क्षेत्र भ्रमण के तहत आज अल्मोड़ा पहुंचे। महा–जनसम्पर्क अभियान के तहत अल्मोड़ा नगर के शिखर होटल में पत्रकार वार्ता आयोजन किया गया था। अभियान के प्रभारी अश्विनी त्यागी ने कहा कि इन पिछले नौ वर्षों के कालखंड में मोदी सरकार की योजनाओं व नीतियों से देश का हर नागरिक मजबूत बना है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने उज्वला योजना में गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं, किसानों को किसान सम्मान निधि दी जो सीधे उनके खातों में पहुँचती है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 37 करोड़ से अधिक कार्ड बनाने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कोरोना महामारी जैसे दौर में मोदी सरकार ने लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया, कोरोना की वैक्सीन मोदी सरकार ने मुफ्त उपलब्ध कराई। अश्विनी त्यागी ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालते ही मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं व नौजवानों के लिए दृढ़ता से काम करने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प पर ऐतिहासिक कार्य पिछले नौ सालों में हुए हैं। उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना, जल जीवन मिशन, उज्वला योजना, पीएम बीमा योजना, मुद्रा योजना व केंद्र सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार की बेहतर नीतियों से आज भारत विश्वगुरु की भूमिका के नौ वर्ष के कार्यकाल में गरीब, मजदूर, महिला सभी वर्गों का उत्थान हुआ है। देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार की नीतियों से आज सुरक्षा व अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर भारत की अच्छी साख बनी है। पत्रकार वार्ता में अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय टम्टा ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–87ई राजमार्ग के बारे में बताया कि यह राजमार्ग चौसली से कोसी मिलाया जाएगा जिससे अल्मोड़ा का क्षेत्र प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने मजखाली बाजार में बाईपास बनाने और द्वाराहाट में सुरंग निर्माण की भी बात की और अपने संसदीय क्षेत्र की 9 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई।यहाँ प्रेसवार्ता में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह महरा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, महासचिव धर्मेंद्र बिष्ट, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, सह मीडिया प्रभारी जगत तिवारी आदि मौजूद रहे।

**पत्रकारों को नहीं मिले जवाब**

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश प्रभारी अश्विनी त्यागी पत्रकारों के सवालों के सही से जवाब नहीं दे पाए। सवालों के जवाब मांगने पर प्रभारी गोलमोल जवाब देने लगे।

# व्यापारियों ने किया शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर का विरोध



हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शहर में प्रस्तावित फ्लाईओवर का विरोध किया है। इस संबंध में सोमवार को व्यापारियों ने लोनिवि के ईई अशोक कुमार को ज्ञापन सौंप विरोध जताया। उन्होंने फ्लाईओवर के बजाय सड़क चौड़ीकरण करने की मांग की है। संगठन के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा कहा कि हल्द्वानी बाजार क्षेत्र एक व्यावसायिक मंडी के रूप में विकसित है। जिसमें नैनीताल–बरेली राजमार्ग में सड़क कई जगह टेढ़ी है और बाजार क्षेत्र भी बहुत संकरा है। यहां प्लाईओवर बनने से पूरा बाजार प्रभावित हो जाएगा। ऐसे में इस राजमार्ग को यथासंभव चौड़ा कर डबल लेन सड़क निकाली जानी चाहिए। नैनीताल–बरेली राजमार्ग में मंगल पड़ाव क्षेत्र से लेकर कोतवाली तक ही सड़क संकरी व टेढ़ी है। इस क्षेत्र में भी सड़क को चौड़ा किया जा सकता है। मुख्य राजमार्ग को चौड़ा करने की लागत फ्लाईओवर बनाने की लागत से बहुत कम होगी, इसलिए राजमार्ग का चौड़ीकरण बेहतर निर्णय होगा। मामले में ईई ने कहा कि अभी इस पर वार्ता चल रही है। जब पहला चरण फाइनल होगा उसके बाद व्यापार मंडल सहित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस से चर्चा की जाएगी। उसके बाद योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। यहां जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, कौशलेंद्र भट्ट, संदीप गुप्ता, अनूप टंडन मौजूद रहे।

## चाइल्ड पोनीग्राफी के आरोप में युवक के खिलाफ मुकदमा

हल्द्वानी। नाबालिग का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में शेयर करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मुकदमा हुआ है। भारत सरकार द्वारा संचालित साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की निगरानी में यह मामला सामने आया। एसएसपी एसटीएफ देहरादून के आदेश पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भारत सरकार के पोर्टल द्वारा सोशल मीडिया, वेबसाइट, पोर्टल आदि पर बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड व शेयर करने वालों पर निगरानी रखी जाती है। ऐसा ही एक मामला बीते दिनों पकड़ में आया, जिसकी जानकारी एसएसपी एसटीएफ को दी गई थी।

मामला हल्द्वानी का निकला तो एसटीएफ ने नैनीताल पुलिस को जांच के आदेश दिए। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि इंस्टाग्राम में 21 मई को 35 सेकेंड का वीडियो अपलोड किया गया है।



# सारथी फाउंडेशन ने लगाए पौधें

हल्द्वानी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सारथी फाउंडेशन समिति ने सेक्रैड हार्ट स्कूल के सामने उप्रेती बगीचे में फलदार पोंधे लगाए। कृषि विशेषज्ञ के रूप में सारथी के सदस्य एवं सेवानिवृत कृषि अधिकारी गिरिश चंद्र लोहनी की देखरेख में फलदार पौधों का रोपण किया गया। संस्था संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने सभी लोगों को पर्यावरण दिवस की बधाई दी। संचालन समन्वयक ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। यहां सुमित्रा प्रसाद, हितेंद्र उप्रेती, गिरिश लोहनी, उमेश सैनी, दीक्षा पंत पांडे, पूजा पंत, मंजू सनवाल, जाकिर हुसैन, केतन जायसवाल, संतोष गौड़, शीला राणा, हेमा जोशी, भावना पांडे, तनुजा टकवाल, कमला जोशी, कला नेगी, तारा बिष्ट, रोली आदि मौजूद रहे।

# जनपद न्यायालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



अल्मोड़ा। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के मार्गदर्शन में आज जनपद न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला द्वारा रुद्राक्ष का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी न्यायाधीश तथा अधिवक्ताओं द्वारा भी पौधारोपण किया गया। श्री शुक्ला ने सभी से वृक्षारोपण करने की अपील की। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शची शर्मा, सीजेएम दयाराम समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस और फायर कर्मियों को दिलाई शपथ

हल्द्वानी। विश्व पर्यावरण दिवस पर पुलिस व फायरकर्मियों को शपथ दिलाई गई। सोमवार को बहुउद्देशीय भवन में हुए कार्यक्रम में एसएसपी पंकज भट्ट ने अधिकारियों और जवानों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा पौध लगाना ही नहीं उनका संरक्षण करना अहम है। मौके पर एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ भूपेंद्र धोनी, कोतवाल हरेंद्र चौधरी, एसएसआई विजय मेहता रहे। वहीं, अग्निशमन कार्यालय में मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मौके पर जिला अग्निशमन अधिकारी गोविंद राम सहित अन्य मौजूद रहे।

# पर्यावरण दिवस पर एबीवीपी बागेश्वर ने चलाया स्वच्छता अभियान



बागेश्वर। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बागेश्वर के कार्यकर्ताओं ने बद्री दत्त पांडे परिसर बागेश्वर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही परिषद के कार्यकर्ताओं ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला एसएफडी संयोजक बबलू मेहरा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष 5 जून को एवं उसके अलावा भी वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियान चलाती रहती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम एसएफडी स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पर्यावरण संरक्षण का कार्य निरंतर करते आ रही है। प्रातःकाल परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय पुस्तकालय भवन, बी एड भवन, सांस्कृतिक परिषद के आसपास झाड़ी में साफ सफाई अभियान चलाकर वहां वृक्षारोपण किया एवं फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए। विद्यार्थी परिषद पर्यावरण संरक्षण हेतु आगे भी निरतंर अभियान चलाते रहेगी। महाविद्यालय प्रशासन ने अभाविप के इस कार्यक्रम की सराहना की। परिषद कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि यूं ही परिषद के कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में भागीदारी करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला संयोजक सौरभ जोशी, हिमांशु जोशी, हरेन्द्र दानू, योगेश जोशी, लोकेंद्र, हरीश कुमार, शिवि, उमेश, आशीष कुमार, विक्रम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# न्यायालय परिसर में रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण किया गया है। स्थानीय सिविल न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर जिला जज रीना नेगी, सिविल जज भावना पाण्डेय की उपस्थिति में अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। अपर जिला जज रीना नेगी ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है, इसलिए प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सभी को पर्यावरण की सुरक्षा में अपना योगदान देना होगा तभी हम पर्यावरण को संरक्षित कर सकते है। इस मौके पर अपर जिला जज रीना नेगी, सिविल जज भावना पाण्डेय, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत, पूर्व राज्यमंत्री जसबीर राणा, एडवोकेट नरेन्द्र सिंह गुसांई, एडवोकेट संजय जोशी, एडवोकेट गिरीश चन्द्र, एडवोकेट राजीव गौड़, सहित बडी संख्या मे अधिवक्ता एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीयूईटी में उत्तराखंड के छात्रों को 60 फीसदी आरक्षण देने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में उत्तराखंड राज्य के छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश में 60 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग उठी है। गढ़वाल विवि के छात्र संघ पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीईयूटी प्रवेश परीक्षा होने के उत्तराखंड के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संदर्भ में उन्होंने उपजिलाधिकारी श्रीनगर अजवीर सिंह के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ज्ञापन भेजा। गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, उपाध्यक्ष रोबिन सिंह असवाल, सह सचिव रंजना, कोषाध्यक्ष योगेश बिष्ट, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अमन पंवार, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा कि सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में उत्तराखंड की भौगोलिक, आर्थिक परिस्थितियों को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है। कहा कि 1973 में गढ़वाल विवि की स्थापना हुई थी। जिसका मकसद यह था कि उत्तराखंड़ के छात्र राज्य से बाहर न जाकर यहां पर ही अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें।

# तहसीलदार ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत थलीसैंण में किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत थलीसैंण, वन विभाग थलीसैंण, तहसीलदार थलीसैंण व राजस्व विभाग एवं थलीसैंण बाजार के व्यापारियों ने नगर पंचायत थलीसैंण के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान तहसीलदार आनन्द पाल ने उपस्थित कार्मिकों/गणमान्य व्यक्तियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थलीसैंण शैलेन्द्र सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 1972 से हर वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। जिसका मुख्य लक्ष्य वायु प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, अवैध वन जीव व्यापार, टिकाउ खपत, समुद्र के स्तर में वृद्वि और खाद्य सुरक्षा जैसे पर्यावरण उद्योग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।





# मर्यादा तोड़ने पर 15 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई, चार हजार का जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे के निर्देश पर ऑपरेशन मर्यादा को लेकर पौड़ी पुलिस लगातार अभियान चला रही है। धार्मिक स्थलों, नदियों और गंगा के घाटों पर हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस की ओर से शुरू किए गए ह्यआपरेशन मर्यादाह्न के तहत पौड़ी जिले में 15 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के तीर्थस्थलों पर मर्यादा व पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता बनाये रखने हेतु ह्लऑपरेशन मर्यादाह्न अभियान के अंतर्गत तीर्थस्थलों एवं गंगा किनारे मादक पदार्थों का सेवन करके हुड़दंग, अमर्यादित आचरण करने वालों व नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

गत रविवार को कोतवाली कोटद्वार की दुगड्डा चौकी पुलिस ने खोह नदी व लंगूर गाड़ (नदी) के किनारे नशे का सेवन कर हुड़दंग करने वाले 15 व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार उत्तराखण्ड़ पुलिस अधिनियम एक्ट के तहत कार्यवाही कर 4000 रुपये का जुर्माना करते हुये सभी को मर्यादा में रहने की हिदायत दी गयी। एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि अब तक ऑपरेशन मर्यादा के तहत जनपद में 1159 व्यक्तियों पर कार्यवाही की जा चुकी है। ऑपरेशन मर्यादा के तहत कार्यवाही जारी रहेगी। कहा कि धार्मिक स्थलों, पर्यटक स्थलों व गंगा के घाटों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो लोग धार्मिक स्थलों पर पहुंच रहे हैं, वह मर्यादा में रहें। इस बात का ध्यान रखें कि उनकी वजह से दूसरों को परेशानी न हो।

# झमाझम बारिश, लोगों को मिली गर्मी से राहत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सोमवार को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। जिले के विभिन्न हिस्सों में दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। पौड़ी मुख्यालय सहित जिले के ऊंचाई वाले हिस्सों में जहां मौसम सर्द हो गया है, वहीं निचले इलाकों में मौसम के बदलने से गर्मी से लोगों को राहत मिली है। बीते दो दिनों से पारा चढ़ने के कारण मौसम खासा गरम हो गया था। वहीं यह बारिश खरीफ फसल की बुआई के लिए भी ठीक बताई गई है।

सोमवार को दोहपर तक धुप चटखी रही। दोहपर बाद मौसम ने करवट बदल दी। झमाझम बारिश ने काफी राहत दे दी। धुमाकोट क्षेत्र में सोमवार को दोहपर में मूसलाधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक बारिश काफी तेज हुई।

इसके बाद हल्की बूंदा-बांदी होती रही। इसके साथ ही बीरोंखाल, थलीसैंण क्षेत्रो में भी पानी बरसा। बारिश के साथ ही हल्की आंधी भी चली। जिसके कारण मौसम सर्द हो गया। बारिश के कारण गर्मी से जहां निजात मिली वहीं वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है। बारिश के कारण जंगलों की आग पर भी काबू हो गया।

# पर्यावरण दिवस पर निकली जनजागरुकता रैली

पौड़ी : मंडल मुख्यालय पौड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिले भर में पौधरोपण, जनजागरूकता रैली और सफाई अभियान चलाएं गए। वन विभाग की अगुवाई में पौड़ी में छात्र-छात्राओं ने जनजागरूकता रैली निकाली। वहीं जैफ परियोजना से जुड़े गांव जमरगड्डी, दुगड्डा में मिशन लाइफ थीम पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन हुआ। पंचायतीराज ने ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाएं। पुलिस ने विभिन्न थानों में पर्यावरण की शपथ ली। पुलिस लाइन पौड़ी में एसएसपी श्वेता चौबे ने पौधरोपण किया। साथ ही थानों में पुलिस जवानों ने पर्यावरण की शपथ ली। तहसील चौबट्टाखाल में एसडीएम संदीप कुमार ने पौधरोपण किया। तहसील क्षेत्र में सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौड़ी मुख्यालय में छात्र-छात्राओं की जनजागरूकता रैली को विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न | T-08-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के GZB-HPU-MB, MB-BE, BE-RAC और RAC-SCC सेक्शन में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के लिए टी.आर.डी. का कार्य |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एव दिनांक | 28.06.2023 at 15:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत रू | रू. 5,13,83,789.84/- 18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि रू | रू. 4,06,900/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य रू | शून्य |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना0: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-05 दिनांक: 05.06.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1720/23


# बधाणी महोत्सव में बालचरितम् नाटक ने बटोरी सुर्खियां

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर देवप्रयाग के छात्र–छात्राओं ने सशक्त अभिनय व अभिव्यक्ति से बधाणी महोत्सव में संस्कृत के प्रति नया आकर्षण पैदा किया। बधाणी महोत्सव 2023 में परिसर के छात्रों ने बालचरितम् नाटक का मंचन किया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पिंडर घाटी बहुद्देश्यीय विकास एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित महोत्सव में श्रीकृष्ण की बाललीलाओं पर केंद्रित नाटक में संस्कृत के साथ जन सामान्य के लिए हिंदी व गढ़वाली का भी प्रयोग किया गया। नाटक निर्देशक विनोद शर्मा व साहित्य प्राध्यापक डॉ. दिनेशचन्द्र पाण्डेय ने इस प्रयोग को पूरी सफल बताया। संस्कृत वाक्यों को भी समझने से दर्शक श्रीकृष्ण की बाललीलाओं व चमत्कारों से भावविभोर हो गये। संस्कृत छात्रों ने महोत्सव में आध्यात्मिक वातावरण की सृष्टि कर दी। समिति अध्यक्ष प्रेमचंद्र देवराड़ी ने महोत्सव में पहली बार श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र–छात्राओं की ओर से संस्कृत के साथ दो अन्य भाषाओं में नाटक की मंचन की सराहना की। निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा की संस्कृत नाटकों को उत्तराखण्ड के अन्य स्थानों पर भी मंचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी की संकल्पना संस्कृत के साथ स्थानीय भाषाओं को भी महत्त्व देने की है। संस्कृत को गढ़वाल के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए इसी प्रकार के अभिनव प्रयोग किये जाएंगे। संस्कृत नाटक में धनंजय देवराड़ी, शुभम भट्ट, मधु, शिवानी ठाकुर, शशांक चंदोला, सुधांशु पंत, पीयूष तिवारी, ओम थपलियाल, भुवन जोशी, आयुष उनियाल, अंशुल उनियाल, अरुण प्रसाद, कुशाग्र अत्री, संजय शर्मा, गिरीश चंद्र भट्ट आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस पहल शुरू

नई टिहरी : जनपद भ्रमण पर आये अपर सचिव ग्राम्य विकास ओंकार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण के लिए ठोस पहल शुरू की गई है। टिहरी में पांच ब्लाकों में कम्पेक्टर मशीन लगाने का काम लगभग पूरा हो गया है। कूड़े निस्तारण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों कॉमर्शियल गतिविधियों करने वालों व होर्डिंग्स लगाने वालों पर कर लगाकर जिला पंचायत की आय को बढ़ाने का काम किया जायेगा। जिला पंचायत में ओंकार सिंह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वार्ता में ओंकार सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण ने बताया कि झील क्षेत्र में 48 ग्राम पंचायतें के 88 राजस्व ग्राम पड़ते हैं। जिनके कूड़ा निस्तारण के लिए टीएचडीसी से सीएसआर मद से धन देने की मांग की है। इस बाबत टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी से मुलाकात की गई है। जिस पर ईडी जोशी ने सकारात्मक रूख अपनाते हुए प्रपोजल मांगा है।

# विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किए बदरीनाथ के दर्शन



चमोली : उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। विधानसभा अध्यक्ष सोमवार को सड़क से जोशीमठ से बदरीनाथ धाम पहुंची। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष की अगवानी की।

विधानसभा अध्यक्ष ने बदरीनाथ पहुंच कर मंदिर में दर्शन किए वेदपाठ पूजा संपन्न की। मंदिर में दर्शन के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष ने लक्ष्मी माता मंदिर में भी दर्शन किए तथा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मिली। मंदिर परिसर में बीकेटीसी द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद, तुलसी माला भेंट की गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह से बदरीनाथ–केदारनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं से विषयक चर्चा की। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष बाल विधान सभा सत्र हेतु भराड़ीसैंण रवाना हो गई। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, वेदपाठी रविन्द्र भट्ट, राजेंद्र सेमवाल, संतोष तिवारी, डॉ. हरीश गौड़, अनसुया नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# केदारपुरी में चलाया स्वच्छता अभियान



रुद्रपरायग : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समूचे जग में वृक्षारोपण कर एवं शपथ लेकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया जा रहा है। वर्तमान समय में प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा अवधि में सोमवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण केदारपुरी क्षेत्र में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिला रुद्रप्रयाग पुलिस, नगर पंचायत केदारनाथ व एसडीआरएफ उत्तराखण्ड की टीमों ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाते हुए केदारनाथ मन्दिर परिसर एवं भैरवनाथ पहुंचने तक के मार्ग में साफ सफाई की गयी। इस दौरान कूड़े को कट्टों में एकत्रित किया गया है। इस कूड़े का उचित निस्तारण किया जायेगा। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत के नेतृत्व में इस मुहिम को अंजाम दिया गया है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस की श्री केदारनाथ धाम आ रहे सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि वे अपने कूड़ा करकट इत्यादि को कहीं पर भी फेंकने के बजाय धाम में जगह–जगह लगे कूड़ादानों में डालें, ताकि इस कूड़े का निस्तारण हेतु हमारे पर्यावरण मित्रों को आसानी हो सके। (एजेंसी)

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी

पत्रांक :- 396 / दो-लेखा-15/निविदा-सूचना /2023-24/ दिनांक 05/06/2023

## ''अल्पकालीन निविदा सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड देहरादून की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की सीलबन्द निविदा दिनांक 21-06-2023 के अपराह्न 02:00 बजे तक विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें अद्योहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा उसी दिन 03:00 बजे खोली जायेंगी। कार्य की निविदा दिनांक 20-06-2023 को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक प्रखण्ड कार्यालय पौड़ी में बेची जायेंगी। उक्त कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वि0ख0 थलीसैंण के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठयूड़ में 02 कक्षा-कक्ष एवं 01 प्रधानाध्यापक कक्ष का निर्माण। | थलीसैंण | 24.00 | 72,000.00 | 2000.00+ GST18% | 06 माह | 45 दिन | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी ''डी''/उच्च |
| 2 | वि0ख0 खिर्सू के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मन्दोली में भवन मरम्मत/अनुरक्षण व सौन्दर्यीकरण कार्य। | खिर्सू | 16.00 | 48,000.00 | 1500.00+ GST18% | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी ''डी''/उच्च |

शर्तें:-

1- ठेकेदार द्वारा कार्य की अनुमानित लागत का 3% धरोहर धनराशि (उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के अनुसार) की NSC/KVP/ सावधि पासबुक/शिडयूल बैंकों के FDR/CDR आदि जो अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय ग्रा0नि0वि0, प्रखण्ड पौड़ी के नाम बन्धक हो, निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2- निविदा के साथ 100.0 रू0 का स्टाम्प पेपर पर 1.00 रूपये की रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त होना अनिवार्य होगा।

3- निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी0एस0टी0 मूल्य पृथक-2 ई-चालान के माध्यम सेविभागीय लेखाशीर्षक 0515008000100 एवं जी.एस.टी (CGST+SGST) जी.एस.टी नम्बर 05AABAE0249H2Z5 में जमा कर, ई-चालान की प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य के ई-चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

4- बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ठेकेदार द्वारा किसी भी कार्य की निविदा क्रय की जाती है तो उसे निविदा बाक्स में धरोहर धनराशि सहित डालना आवश्यक है। अन्यथा यह समझा जायेगा कि ठेकेदार द्वारा निविदा पुलिंग के इरादे से क्रय की गई है। ऐसे ठेकेदार पर विभागीय कार्यवाही की जा सकती है।

5- निविदा/ऐसी निविदा जिससे कार्य सम्पादन कराने पर कार्य की गुणवत्ता खराब होने की पूर्ण सम्भावना प्रतीत हो, को स्वीकार नहीं की जायेगी।

6- ऐसे ठेकेदार जिनके द्वारा गठित अनुबन्ध के कार्य समयान्तर्गत पूर्ण नहीं किये गये हैं को निविदा विक्रय हेतु प्रतिबन्धित किया जायेगा।

7- मैनुअल फार्म संख्या 76/जी0पी0डब्लयू0-9, जो लागू हो की समस्त शर्तें इस निविदा के साथ मान्य होगी।

8- निविदा में शिड्यूल 'बी' की मदवार कार्य की अंकित मात्रा घटायी-बढ़ाई जा सकती है जिसके लिये ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

9- समय समय पर शासनादेशों के अनुसार आयकर/ GST/रायल्टी एवं अन्य कटोतियां नियमानुसार ठेकेदार के बीजक से की जायेगी।

10- एक या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

11- प्राविधिक परीक्षक (टी0ए0सी0) उत्तराखण्ड द्वारा निरीक्षण के उपरान्त कार्य पर यदि कोई कमी पाई जाती है, या कोई वसूली निकाली जाती है, तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार को वहन करना पड़ेगा। आवश्यकता पड़ने पर टी0ए0सी0 की जांच के उपरान्त ठेकेदार की जमानत की धनराशि वापिस की जायेगी।

12- यदि शासन/सम्बन्धित विभाग द्वारा समय पर अवशेष आवंटन निर्गत नहीं किया जाता अथवा किसी अपरिहार्य कारणवश निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं या उक्त कार्य को स्थगित किया जाता है तो ठेकेदार को उसी स्थिति में कार्य रोकना पड़ेगा तथा ठेकेदार किये गये कार्य के लिए ही भुगतान का दावेदार होगा। अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

13- विभाग में पंजीकृत ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय पंजीकरण प्रमाण पत्र (लाईसेन्स) साथ लाना अनिवार्य होगा। लाईसेन्स बिना दिखाये निविदा फार्म दिया जाना सम्भव नहीं होगा।

14- निविदादाता द्वारा कार्य की सभी मदों की दरें मदवार (Item Wise) अंकित करनी अनिवार्य हैं। प्रतिशत में दरें मान्य नहीं होगी।

15- यदि निविदादाता द्वारा विभागीय दरों से अत्यधिक कम दरों पर निविदा दी जाती है तो शासनादेश संख्या-6447/III/(2)/11-20 (सा0)/11 दिनांक 20 जनवरी 2013 में निहित प्राविधानों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त कार्य पूर्ति गारण्टी के रूप में धनराशि जमा करनी होगी।

16- कार्य का अन्तिम भुगतान सम्बन्धित विभाग से अन्तिम किस्त प्राप्त होने एवं हस्तान्तरण के उपरान्त ही किया जायेगा। किसी त्रुटिपूर्ण/दोषपूर्ण कार्य के कारण यदि हस्तांतरण में कोई बाधा आती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

17- ठेकेदार से अपेक्षा की जाती है कि वह कार्यस्थल का भली-भांति निरीक्षण कर ले एवं कार्य योजना से भली-भांति अवगत होने के उपरान्त ही निविदा क्रय करें। निर्धारित अवधि से अतिरिक्त समय देय नहीं होगा तथा कार्य की प्रगति माइल स्टोन के अनुरूप ही रखनी होगी। अन्यथा जी0पी0डब्ल्यू0-9 की शर्तों के अनुसार अर्थदण्ड की कटौती की जायेगी।

18- ठेकेदार द्वारा सभी मदों की दरें जी0एस0टी0 रहित प्रस्तुत करनी अनिवार्य हैं।

19- सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

20- किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

21- यदि निर्धारित तिथि को सर्वर में खराबी अथवा सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण निविदा नहीं खोली तो निविदा अगले कार्यदिवस को खोली जाएगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

जयन्त-विचार



सम्पादकीय

# जागरूकता सबसे बड़ा मूल मंत्र

तमाम जागरूकता कार्यक्रमों एवं फर्जीवाड़े के खुलासे के बावजूद साइबर क्राइम की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। फोन के पीछे से किया जाने वाला यह अपराध इन दिनों सबसे बड़ा फ्रॉड बन कर सामने आ रहा है, जिसके पीड़ित अपनी जमा राशि वापस लेने के लिए सिर्फ और सिर्फ पुलिस की तत्परता पर निर्भर है। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा नियमित तौर पर आम जनता को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया जाता है और किसी भी प्रकार की अनजानी कॉल के माध्यम से पैसों के लेनदेन से बचने की सलाह दी जाती है। बावजूद इसके नियमित तौर पर हर दिन लाखों-करोड़ों रुपए साइबर ठगों की भेंट चढ़ जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों को आने वाले फोन उन जानकारियों को लेकर भी होते हैं जो केवल बीमा कंपनी या बैंक खाता खोलते समय बैंक या कंपनी के पास ही होनी चाहिए, इन्हे लेकर साइबर ठग हर प्रकार की जानकारी के साथ लोगों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। इसके मायने हैं कि हर प्रकार का डाटा फिर चाहे वह मोबाइल का हो या फिर बैंक या बीमा कंपनियों से लेनदेन का, कुछ भी सुरक्षित नहीं है। सबसे बड़ी समस्या ओटीपी के लेनदेन को लेकर होती है, सबसे ज्यादा धोखा धडी इसी मध्यम से हो रही है। साइबर ठगी के इस जंजाल में ना केवल अनपढ़ बल्कि उच्च शिक्षित वर्ग के लोग भी फंसते आए हैं। इंश्योरेंस की पॉलिसी से लेकर बैंक के खाते की पूरी जानकारी लेकर चलने वाले साइबर ठग पूरे देश की पुलिस के लिए एक मुसीबत बन गए हैं। पुलिस तंत्र का एक बड़ा हिस्सा केवल इन्हीं जालसाजों से निपटने में अपनी शक्ति लगा रहा है। उत्तराखंड में भी साइबर ठगी के मामले काफी तेजी से बड़े हैं हालांकि कई मामलों में उत्तराखंड पुलिस ने बाहरी राज्यों में जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है लेकिन बावजूद इसके कहीं ना कहीं अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी है और वे साइबर ठगों की फोन कॉल्स का शिकार बन रहे हैं। यह तो तय है कि साइबर क्राइम पर रोकथाम लगाना संभव नहीं है लेकिन जागरूकता एवं अपनी खुद की सजगता से ऐसे मामलों में कमी लाने के साथ साइबर ठगों के मंसूबों पर पानी जरूर शेर आ जा सकता है। साइबर ठग लोगों के लालच की प्रवृत्ति का ही फायदा उठाते हैं और कम समय में अधिक लाभ का मोह महंगा पड़ जाता है। हर बार कहा जाता है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपने खाते से संबंधित कोई भी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए और ना ही अपना ओटीपी कभी किसी के साथ शेयर करें। समझदारी और जागरूकता ही अपने पैसों की सुरक्षा करने का सबसे मजबूत मूल मंत्र है।

# भारत के स्थायित्व की कहानी, संस्थानों और कार्यों से जुड़ी है

**अरुणाभ घोष**

सतत विकास के लिए नीतियों की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए लोगों की भी आवश्यकता होती है। जब तक हम ऊर्जा स्त्रोतों में बदलाव और सतत विकास को लोगों के करीब नहीं लायेंगे, तब तक हम पर्यावरण-अनुकूल और जनहितैषी प्रभाव तथा कार्यक्रमों के सतत संचालन से जुड़ी सामुदायिक कार्रवाई के लिए आवश्यक कठोर निर्णयों के प्रति दीर्घकालिक सामाजिक समर्थन प्राप्त नहीं कर सकते। यही कारण है कि, जब भारत के सतत विकास से जुड़ी पहलों की बात आती है, तो शब्दों से अधिक कार्रवाई में ही स्पष्टता दिखती है।

सतत विकास केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं। आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव मुसलरेड्डीगरीपल्ली में, महिलाओं के समूह बैंगन, टमाटर, करेला और केले को बर्बाद होने से बचाने के लिए, सौर ऊर्जा संचालित ड्रायर में सुखाकर हर महीने लगभग 3.5 लाख रुपये अर्जित कर रहे हैं। जब सबसे कमजोर और वंचित समुदाय अपने जीवन और आजीविका, नए बाजार तथा व्यवसायों से संबंधित अवसरों को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी समाधानों को प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं, तो इसे राष्ट्रीय नीति रूपरेखा में शामिल किया जाता है। भारत अब आजीविका के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी नीति बनाने वाला पहला देश है।

इस तरह के कार्यों के माध्यम से, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से,सतत विकास के लिए भारतीयो की दृष्टि में बदलाव हुए हैं। इसके तीन घटक हैं, जो वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए एक हरित और समावेशी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा के रूप में कार्य कर सकते हैं।

पहला, विकास को नागरिक केंद्रित बनाना। चाहे वह सौभाग्य योजना हो, जिसने लगभग 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है, या उज्जवला योजना हो, जिसके तहत स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 9.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, या स्मार्ट मीटर की शुरुआत हो, जो वास्तव में लोगों के हाथों में ही बिजली-आपूर्ति के संचालन की सुविधा देता है। भारत ऊर्जा-स्त्रोतों में बदलाव को एक घरेलू कार्य बना रहा है। उजाला योजना, जिसका उद्देश्य एलईडी प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण करना है, सालाना लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचाने का प्रबंधन कर रही है। इसके साथ, जल जीवन मिशन ने 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की सुविधा दी है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत प्रगति हो रही है, जिसके अंतर्गत 2026 तक चुनिंदा शहरों में अति सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन आदि ऐसे उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे सतत विकास से जुड़े बड़े पैमाने के कार्यक्रम भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

**भविष्य के इस कार्यबल को प्रशिक्षित करने के लिए, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स कर्मचारियों को हरित व्यवसायों और सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ग्रामीण भारत भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के पास 4 लाख करोड़ रुपये का बाजार अवसर है और ये जमीनी स्तर पर महिलाओं को सीधे सशक्त बना रहे हैं। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना, जिसके तहत अक्टूबर 2022 तक 1.5 लाख सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा परिचालित बनाया गया है, का उद्देश्य किसानों के सिंचाई बिलों को कम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन से दूर जा रही है, हम भविष्य के ईंधन, विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ, भारत विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता से समझौता किए बिना, उर्वरक और इस्पात जैसे भारी उद्योगों को कार्बन-उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर सकता है।**

जब हम इस तरह के नागरिक-केंद्रित पहलों का विस्तार करते हैं, तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि घरों से वास्तविक समय पर और उच्च गुणवत्ता युक्त डेटा प्रवाह को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है एवं तकनीकें और संबंधित योजनायें जमीन पर काम कर रहीं हैं। ऐसी योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में, शासन के सभी स्तरों के अधिकारियों को लोगों से समय-समय पर प्रतिक्रिया लेने की आवश्यकता है।

दूसरा, अर्थव्यवस्था-केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सतत विकास को बड़े पैमाने पर गति देना। 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए, भारत की ऊर्जा प्रणाली और आर्थिक संरचना दोनों को बदलने की आवश्यकता है। यह पहल, यहां कई मोर्चों पर आगे बढ़ रही है। देश में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नवीकरणीय और सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता है। सीईईडब्ल्यू, एनआरडीसी और एससीजीजे के विश्लेषण के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक 10 लाख लोगों को रोजगार देगा। भविष्य के इस कार्यबल को प्रशिक्षित करने के लिए, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स कर्मचारियों को हरित व्यवसायों और सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ग्रामीण भारत भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के पास 4 लाख करोड़ रुपये का बाजार अवसर है और ये जमीनी स्तर पर महिलाओं को सीधे सशक्त बना रहे हैं। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना, जिसके तहत अक्टूबर 2022 तक 1.5 लाख सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा परिचालित बनाया गया है, का उद्देश्य किसानों के सिंचाई बिलों को कम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन से दूर जा रही है, हम भविष्य के ईंधन, विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ, भारत विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता से समझौता किए बिना, उर्वरक और इस्पात जैसे भारी उद्योगों को कार्बन-उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर सकता है।

ये वास्तव में भारत की शहरी और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बड़े कदम हैं। हालांकि, उनकी वास्तविक क्षमता के उपयोग के लिए इन कदमों की बड़े पैमाने पर विस्तार करने की आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं - विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (विशेष रूप से केवल स्वच्छ तकनीकी उत्पादों की जोडने के बजाय उच्च मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना), पूंजी सहायता में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण और खरीदारों के लिए प्रोत्साहन (फेम जैसी योजना, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है) आदि।

तीसरा, भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास से जुड़े पहलों को मजबूत कर रहा है। 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को सौर ऊर्जा की कीमतों को कम करने, सकल मांग को कम करने और 115 हस्ताक्षरकर्ता देशों के बीच सहयोगी अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी तरह, 2019 में भारत द्वारा लॉन्च किया गया आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहे क्षेत्रों में सहनशील अवसंरचना के निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत, भारत की योजना 2030 तक वन आच्छादित क्षेत्र के माध्यम से 2.5-3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बन सिंक बनाने की है। आर्द्रभूमि के प्रबंधन में सुधार (जलवायु जोखिमों को कम करने में उनकी भूमिका सहित) और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं। मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में पार्टियों के सम्मेलन की मेजबानी करते हुए भारत ने 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने की भी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

अंत में, मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के माध्यम से, भारत ने सतत विकास के लिए सतत खपत को विचार-विमर्श के केंद्र में रखा है। इसने न केवल अपने नागरिकों, बल्कि अन्य देशों के लोगों के लिए भी के लिए एक चुनौती पेश की है, जो एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए व्यवहार को बढ़ावा देने, बाजारों को सक्षम करने एवं आकांक्षाओं को फिर से परिभाषित करते हुए; अर्थव्यवस्था को विकसित करने और जीवन के अवसरों और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने से संबंधित है।

भारत ने घोषणा की है कि "हरित विकास"; 2047 तक एक विकसित देश बनने की उसकी यात्रा के सात स्तंभों में से एक होगा। पहले प्रदूषण फैलाने और बाद में सफाई करने का आसान रास्ता चुनने के प्रलोभन के बावजूद; कैसे रोजगार, विकास और स्थायित्व एक साथ चल सकते हैं, को प्रदर्शित करने के लिए, देश कठिन विकल्पों का चयन कर रहा है। लेकिन जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और प्रदूषण - पृथ्वी के इस तिहरे संकट से अकेले मुकाबला नहीं किया जा सकता है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नियमों का पालन, प्रतिबद्धताओं की पूर्ति, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का सह-विकास और कम लागत पर अधिक पूंजी तक पहुंच की सुविधा की आवश्यकता है। अंततः इस सतत विकास की गाथा का जादू, हमेशा लोगों और समुदायों को जिम्मेदारी व संचालन वापस देने में निहित रहेगा।

# नीतीश को बड़ी मेहनत करनी होगी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी पार्टियों की बैठक कराने का जिम्मा ले तो लिया लेकिन यह काम उनके लिए आसान नहीं होगा। पटना में 12 जून को विपक्षी पार्टियों की बैठक होने वाली है लेकिन अभी तक की स्थिति को देख कर लग रहा है कि कई बड़े विपक्षी नेता इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। नीतीश के प्रयास का समर्थन करने के बावजूद संभव है कि बड़े विपक्षी नेता खुद जाने की बजाय अपनी पार्टी के किसी प्रतिनिधि को भेजें। अगर ऐसा होता है तो नीतीश के सब किए धरे पर पानी फिरेगा और विपक्षी एकता बनाने की संभावना पर भी असर होगा।

असल में यह पहला मौका है, जब एकजुटता बनाने के मकसद से विपक्षी पार्टियों की बैठक हो रही है। इससे पहले किसी न किसी कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं को बुलाया जाता था। जैसे एमके स्टालिन 70 साल के हुए तो इस मौके पर मार्च में उनकी पार्टी ने एक कार्यक्रम किया, जिसमें विपक्षी नेता शामिल हुए। इसी तरह पिछले महीने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के शपथ समारोह में कांग्रेस के बुलावे पर कई विपक्षी नेता जुटे। ऐसे ही कभी करुणानिधि के सम्मान में तो कभी देवीलाल के सम्मान में हुए कार्यक्रमों में विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होता रहा। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए विपक्षी पार्टियों की बैठक होनी है।

सो, यह नीतीश कुमार के लिए प्रतिष्ठा का मामला बन गया है। अगर सभी बड़े विपक्षी नेता उनके बुलावे पर पटना पहुंचते हैं तो नीतीश का कद बढ़ेगा। लेकिन अगर बड़े नेता नहीं शामिल हुए तो उनकी बड़ी किरकिरी होगी। उनको दोतरफा नुकसान होगा। एक तो देश भर में विपक्ष की राजनीति का चेहरा बनने की उनकी इच्छा को ग्रहण लगेगा तो दूसरे बिहार की राजनीति में सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल और मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा की नजर में भी वे हलके होंगे। इसलिए उनको और उनकी पार्टी को बड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि बड़े नेता जुटें।

नीतीश और उनकी पार्टी की चिंता इसलिए बढ़ी है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बैठक में शामिल नहीं होंगे क्योंकि वे अमेरिका गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के जाने की संभावना भी कम है। खडगे या नेहरू-गांधी परिवार से बाहर का कोई व्यक्ति नीतीश की बैठक में पहुंचता है तो इसका महत्व कम होगा। इसी तरह कहा जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल भी शायद पटना नहीं जाएंगे।

अगर 12 जून से पहले कांग्रेस अध्यादेश के मसले पर स्थिति स्पष्ट नहीं करती है तो केजरीवाल कांग्रेस के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। शरद पवार और उद्धव ठाकरे के बारे में संजय राउत ने कहा है कि वे पटना की बैठक में शामिल होंगे लेकिन अगर सेहत के आधार पर दोनों ने दूरी बनाई और अपना प्रतिनिधि भेजा तो मुश्किल होगी। एमके स्टालिन के पटना जाने पर भी संशय है। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव ने जरूर जाने की सहमति दी है।

# पुतिन, जिनफिंग से पल्ला छूटा?

**हरिशंकर व्यास**

यह हेडिंग कूटनीति के मिजाज में सही नहीं है। एक सियासी शीषर्क है। मगर भारत की विदेश नीति की हाल में जो नई दिशा बनी है वह वैश्विक मायने वाली है। पहले जापान, ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिमी नेताओं के साथ गलबहियां हुईं! फिर इस सप्ताह चीन की छत्रछाया के शंघाई सहयोग संगठन की दिल्ली शिखर बैठक को भारत ने रद्द किया। अचानक सब तैयारियों, न्योता देने के बाद भारत ने जुलाई में पुतिन और शी जिनफिंग, शहबाज शरीफ आदि की प्रत्यक्ष मेजबानी से किनारा काटा। सभी नेताओं की प्रत्यक्ष उपस्थिति की बजाय तीन-चार घंटों की मोदी की अध्यक्षता में एक 'वर्चुअल मीटिंगझ से औपचारिकता पूरी करने का फैसला हुआ। जाहिर है भारत ने रूस-चीन की उस धुरी से पिंड छुड़ाने का वैश्विक मैसेज दिया है, जिससे पश्चिम की ठनी है। क्या कल्पना कर सकते है कि सितंबर में निर्धारित जी-20 के शिखर सम्मेलन को लेकर प्रधानमंत्री ऐसा नरेंद्र मोदी करें?

ध्यान रहे जुलाई से पहले 19 से 24 जून को प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जा रहे हैं। जो बाइडेन अपनी सोच व मिजाज से पलट नरेंद्र मोदी का व्हाइट हाउस में शाही स्वागत करेंगे। मोदी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की साझा बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद 14 जुलाई को मोदी फ्रांस की नेशनल डे परेड के मेहमान है। मई महीने की इन बातों को भी ध्यान में रखें कि जापान में जी-सात के अमीर देशों ने नरेंद्र मोदी को कितना गले लगाया। बाइडन ने ऑटोग्राफ मांगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने मोदी को 'बॉसझ कहा। ऑस्ट्रेलिया के करीबी टापू के बगल के प्रधानमंत्री ने मोदी के पांव छूए। जब पश्चिमी देश प्रधानमंत्री की मार्केटिगं की, उन्हें पटाने की ऐसी मनभावक भाव-भंगिमा दर्शा रहे हैं तो नरेंद्र मोदी भला क्यों पुतिन- शी जिनफिंग जैसे मवालियों की मेजबानी करें?

कुल मिलाकर पश्चिम बनाम पुतिन-शी जिनफिंग की आर-पार की लड़ाई में भारत ने दुनिया को जतला दिया है कि रूस व चीन से लेन-देन के स्वार्थी रिश्ते भले चलते रहें (ऐसे रिश्ता चलाना रूस व चीन की भी मजबूरी है) लेकिन उसका पक्का



पाला अब पश्चिमी देशों का है। यूक्रेन-रूस की लड़ाई के बाद विश्व राजनीति बदली है, और पश्चिमी देशों ने रूस और चीन की धुरी के खिलाफ मोर्चा खोला है तो इसके आरंभ में मोदी-जयशंकर ने बहुध्रुवीय याकि मल्टीपोलर विश्व व्यवस्था जैसे जुमलों की जो हवाबाजी की थी उसे अब भारत हाशिए में डाल पश्चिम के अमीर जी-सात देशों की धुरी से जा चिपका है। मैं इसे भारत हित में मानता हूं। चाइनीज-इस्लामी सभ्यता की भावी चुनौतियों के सिनेरियो में दशकों से मैं भारत-पश्चिम की नैसर्गिक केमिस्ट्री की वकालत करता रहा हूं। तभी मेरी राय में अब वह मोड़ है जो जून में अमेरिका से भारत का शस्त्र प्रणालियों की खरीद या साझा उत्पादन के कारण हो। वे सौदे जिससे रूस पर भारत की हथियार निर्भरता खत्म हो।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा में जरूरी हथियार खरीद की कई सहमतियां मुमकिन हैं। एक अनुमान के अनुसार अमेरिका से भारत की हथियार खरीद 25 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगी। भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस एमके-2 प्रोजेक्ट के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के एफ-15 इंजन के साझा उत्पादन की बाइडेन प्रशासन मंजूरी दे सकता है। इससे फिर आगे नौसेना के जहाजों के इंजन में भी सहयोग मुमकिन होगा। भारत की एडवांस्ड मीडियम लड़ाकू विमान (एएमसीए) योजना में ब्रितानी रॉल्स रॉयस कंपनी और एक अमेरिकी कंपनी की पेशकश भी आगे बढ़ सकती है।

रक्षा समझौतों के कार्यान्वयन और भारतीय वायु सेना और नौसेना के लिए लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्टों पर बुनियादी सहमतियां संभव हैं। जैसे नौसेना, सेना और वायु सेना सभी की तात्कालिक जरूरत के जनरल एटॉमिक्स से 30 एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन लेने का सौदा है। इस पर लंबे समय से बात हो रही है। इनके साथ यदि पुरानी रक्षा प्रणालियों की खरीदारी याकि सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान, सी17 ग्लोबमास्टर, बोइंग के एएच-64अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, चिनूक सीएच-47 हेलीकॉप्टर, पी-8आई समुद्री निगरानी विमान और एम-777 होवित्जर की लिस्ट बने तो पश्चिमी देशों से भारत का सैनिक सहयोग रूस की जगह लेता हुआ दिखेगा।

ध्यान रहे यह काम कोई मोदी सरकार की बदौलत नहीं है, बल्कि 2012 में भारत-अमेरिका के बीच बने रक्षा तकनीक व व्यापार की पहल (डीटीटीआई) के फ्रेमवर्क में आगे बढ़ा है। रक्षा प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देने का पहले से तैयार साझा मंच। इसमें

**रक्षा समझौतों के कार्यान्वयन और भारतीय वायु सेना और नौसेना के लिए लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्टों पर बुनियादी सहमतियां संभव हैं। जैसे नौसेना, सेना और वायु सेना सभी की तात्कालिक जरूरत के जनरल एटॉमिक्स से 30 एमक्यू-9 बी प्रीडेटर ड्रोन लेने का सौदा है। इस पर लंबे समय से बात हो रही है। इनके साथ यदि पुरानी रक्षा प्रणालियों की खरीदारी याकि सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान, सी17 ग्लोबमास्टर, बोइंग के एएच-64अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर, चिनूक सीएच-47 हेलीकॉप्टर, पी-8आई समुद्री निगरानी विमान और एम-777 होवित्जर की लिस्ट बने तो पश्चिमी देशों से भारत का सैनिक सहयोग रूस की जगह लेता हुआ दिखेगा।**

विमानवाहक, जेट इंजन और रासायनिक-जैविक सुरक्षा जैसी खास तकनीक के क्षेत्रों में वर्किंग ग्रुप भी बने हुए हैं। तकनीक ट्रांसफर होती हुई है। एक और तथ्य कि अमेरिका और भारत में परस्पर हथियार सहयोग में भारतीय मूल के अमेरिकी एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल की कोशिशें अब रंग लाती हुई हैं।

सन् 2007 से डॉ. लाल बोइंग के आला प्रभावी के रूप में अमेरिका-भारत रक्षा व्यापार बढ़वाने की कोशिशों से जुटे रहे हैं। अपना मानना है कि यूक्रेन-रूस की लड़ाई के बाद की परिस्थितियों से यह मौका बना है, जिससे साझा सैनिक, रक्षा व्यापार और सहयोग में तेजी आई है। आखिर भारत हो या दुनिया के बाकी देश, सभी तो जान-देख रहे हैं कि यूक्रेन से लड़ते हुए रूसी टैंकों का कैसा कब्रिस्तान बना। उसके ड्रोन, हवाई हमले कैसे फेल होते हुए हैं। रूस की दशा देखें, जो ईरान से ड्रोन ले रहा है और उसके ड्रोन को यूक्रेन सैकड़ों की संख्या में आकाश में ही उड़ा दे रहा है।

कुल मिलाकर मोदीजी की जय, पश्चिमी नेताओं के साथ का उनका फोटोशूट भारत को अमेरिका के संरक्षण में ले जा रहा है!

## बेहद फायदेमंद है होममेड बॉडी वॉश, ऐसे करें तैयार

गर्मियों के मौसम में पसीने के कारण हाथ-पैर और बॉडी पर धूल-मिट्टी के कण चिपक जाते हैं। जो आहिस्ता-आहिस्ता डेड स्किन एवं स्किन के कालेपन में बदल जाते हैं। इस टैनिंग को साफ करने के लिए महंगे बॉडी वॉश एवं स्क्रब खरीदने की आवश्यकता नही है। बस घर में बने इस बॉडी वॉश को लगाएं। होममेड बॉडी वॉश ना सिर्फ हर किसी के बजट में है बल्कि इससे स्किन को ग्लो तथा सॉफ्टनेस भी भरपूर प्राप्त होती है। तो चलिए आपको बताते है घर में ही बजट फ्रेंडली डीआईवाई बॉडी वॉश...

# भारत असेंबलिंग करेगा या उत्पादन?

रघुराम राजन ने उचित ही बनाई गई धारणाओं को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि असल में भारत उत्पादन के बजाय असेंबलिंग का केंद्र बनकर उभरा है। मोबाइल कंपनियां बाहर से पाट-पुर्जे लाकर यहां उन्हें असेंबल कर रही हैं।भारत में इस बात पर सुखबोध का माहौल है कि देश तेजी से मोबाइल फोन के निर्यात का केंद्र बनता जा रहा है। इसे केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) योजना की एक बड़ी सफलता के रूप में पेश किया गया है। हालांकि इस दावे पर पहले भी कई हलकों से सवाल उठाए गए हैं, लेकिन अब भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने उचित ही इस बारे में बनी धारणाओं को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि असल में भारत मैनुफैक्चरिंग के बजाय असेंबलिंग का केंद्र बनकर उभरा है। इस खामी के लिए उन्होंने पीएलआई योजना के इस प्रावधान को भी जिम्मेदार ठहराया कि सरकार किसी उत्पाद को सब्सिडी फिनिशिंग के बाद ही दे रही है। इस कारण कंपनियां बाहर से पाट-पुर्जे लाकर यहां उन्हें असेंबल कर रही हैं। इससे देश का आयात बिल बढ़ रहा है। इसके पहले अन्य विशेषज्ञ इस विडंबना की ओर ध्यान खींचते रहे हैं कि पीएलआई स्कीम के कारण भारत में चीन से आयात बढ़ा है, जबकि सरकार की नीति चीन पर निर्भरता घटाने की रही है। आयात-निर्यात के ताजा आंकड़ों ने यह बताया है कि चीन से आयात बढने का रुझान इस वर्ष भी बदस्तूर जारी है।

इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक चीन से आयात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई और आयात बिल 37.86 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस अवधि में दोनों देशों के बीच कुल 44.34 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ।

जाहिर है, इसमें भारत से होने वाले निर्यात का हिस्सा 6.48 बिलियन डॉलर है। मुद्दा यह है कि पाट-पुर्जे आयात कर असेंबलिंग करने को प्रोत्साहित करना क्या सभी देशवासियों के हित में है? जब तक उत्पादन की पूरी शृंखला देश के अंदर नहीं नहीं बनती, तब तक असेंबलिंग कार्य से रोजगार के सीमित अवसर ही पैदा होंगे। उधर रघुराम राजन ने आगाह किया है कि डब्लूटीओ नियमों के तहत भारत पीएलआई स्कीम को वैल्यू एडिशन से जोडने की स्थिति में नहीं है। स्पष्टतः इसके जरिए व्यापक आधार वाली उत्पादन व्यवस्था नहीं बन सकती। ऐसे में उनका सवाल उचित है- 'क्या यह योजना नाकामी की ओर बढ़ रही है?

## ओडिशा में एक और रेल हादसा, बारगढ़ में ट्रेन के 5 डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में एक और रेल हादसा होने की खबर है। यहां के बरगढ़ में मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मालगाड़ी में चूना पत्थर लदा था और इसके 5 डिब्बे बरगढ़ में पटरी से उतर गए। हालांकि, हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

ईस्ट कोस्ट रेलवे ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, 'ओडिशा में बारगढ़ जिले के मेंधापाली के पास एक निजी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा संचालित मालगाड़ी के कुछ डिब्बे फैक्ट्री परिसर के अंदर पटरी से उतर गए। इस मामले में रेलवे की कोई भूमिका नहीं है।इ

उन्होंने आगे बताया, 'यह पूरी तरह से एक निजी सीमेंट कंपनी की नैरो गेज साइडिंग है। जहां कंपनी द्वारा रोलिंग स्टॉक, इंजन, वैगन, ट्रेन ट्रैक (नैरो गेज) सहित सभी बुनियादी ढांचे का रखरखाव किया जाता है।

## अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से, पहलगाम और बालटाल में होगी एनडीआरएफ–एसडीआरएफ की तैनाती

**जम्मू, एजेंसी** 1 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। इस बार पहलगाम और बालटाल दोनों ही मार्गों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और माउंटेनरिंग रेस्क्यू की कई टीमों को जगह–जगह पर तैनात किया जाएगा।

माउंटेनरिंग रेस्क्यू टीम द्वारा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों को अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है।


## बालासोर रेल हादसा : तीसरे दिन बहाल हुए ट्रैक, यात्री ट्रेनों की आवाजाही शुरू

**बालासोर, एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को हुए रेल हादसे के बाद स्थिति को सामान्य करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी घटनास्थल पर मौजूद हैं और वहां पहले रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी करते रहे फिर ट्रैक पर फैले मलबे को हटाकर फिर से इस रूट से सेवा बहाल कर दी गई। कल देर रात इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन भी शुरू कर दिया गया। बालासोर जिले में बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास पिछले हफ्ते शुक्रवार शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रैक पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई थी। बेंगलुरु–हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी इस हादसे की चपेट में आ गई। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना का कहना है कि इस हादसे में अब तक 275 लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक हजार से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं।

## कोयंबटूर पुलिस संभावित आतंकी खतरे को लेकर अलर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में कुछ आतंकी तत्वों के फिर से संगठित होने को लेकर केंद्रीय और राज्य की खुफिया एजेंसियों से मिली गुप्त सूचना के बाद पुलिस अलर्ट पर है। पुलिस प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन के कुछ पूर्व नेताओं और कार्यकर्ताओं की तलाश कर रही है जो जिले में कुछ लोगों से समन्वय स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।14 फरवरी, 1998 को कोयम्बटूर में सिलसिलेवार बम विस्फोटों में 58 लोग मारे गए थे। एक घंटे के अंतराल में 11 जगहों और 12 किमी के दायरे में 12 विस्फोट हुए थे।200 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।विस्फोट भाजपा नेता और तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी को निशाना बनाकर किए गए थे, जो बाल–बाल बच गए थे।हमले के पीछे आतंकवादी संगठन अल–उम्मा था और संगठन के संस्थापक एस ए बाशा सहित संगठन के कई नेताओं को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# पदकों को 15–15 रुपये का बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़े



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ (हाक) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन खत्म होने की खबरों का खंडन किया। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई थी कि साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने धरना वापस ले लिया है। वे रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद साक्षी और बजरंग ने ट्वीट कर इन खबरों का खंडन किया और इसे अफवाह बताया। अब इस मामले पर बजरंग ने एक और ट्वीट किया है। इस ट्वीट के जरिये उन्होंने आंदोलन के खिलाफ बोलने वालों पर निशाना साधा है।

बजरंग ने लिखा, "हमारे मेडलों को 15–15 रुपए के बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़ गए हैं। हमारी जिंदगी दांव पर लगी हुई है, उसके आगे नौकरी तो बहुत छोटी चीज है। अगर नौकरी इंसाफ के रास्ते में बाधा बनती दिखी तो उसको त्यागने में हम दस सेकेंड का वक्त भी नहीं लगाएंगे। नौकरी का डर मत दिखाइए।" बजरंग के इस ट्वीट ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है।

इससे पहले बजरंग ने आंदोलन से पीछे हटने वाली खबरों का खंडन किया था। उन्होंने ट्वीट में लिखा था– आंदोलन वापस लेने की खबरें कोरी अफवाह हैं। ये खबरें हमें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही हैं। हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापस लिया है। महिला पहलवानों की एफआईआर उठाने की खबर भी झूठी है। इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।

दरअसल, 2021 टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट हाक अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ चल रहे आंदोलन का मुख्य चेहरा हैं। यह तीनों रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया कि तीनों ने आंदोलन से नाम वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सबसे पहले साक्षी का नाम बताया गया।

इसके बाद साक्षी ने ट्वीट कर खबरों का खंडन किया था। साक्षी ने कहा– यह खबर बिल्कुल गलत है। इंसाफ की लड़ाई में न हम में से कोई पीछे हटा है, न हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी को साथ निभा रही हूं। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर न चलाई जाए। ऐसे में पहलवानों के ट्वीट से यह साफ है कि साक्षी, बजरंग और विनेश रेलवे में अपनी नौकरी पर जरूर वापस लौट गए हैं, लेकिन इंसाफ के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा।

इस आरोप को लेकर पहलवान बजरंग, साक्षी और विनेश सबसे पहले 18 जनवरी को दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरने पर बैठे थे। इसके बाद खेल मंत्रालय से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद पहलवानों ने धरना समाप्त कर दिया था। कोई कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए पहलवान 23 अप्रैल को दोबारा दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरने पर बैठे। पहलवान और बृजभूषण दोनों तरफ से बयानबाजी का दौर चालू रहा। जहां एक तरफ बृजभूषण ने कहा कि आरोप साबित होने पर वह खुद को फांसी लगा लेंगे, तो वहीं पहलवान उनकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

28 मई को पहलवानों के नए संसद भवन की तरफ कूच करने पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। हालांकि, बाद में पहलवानों को छोड़ भी दिया गया था। इतना ही नहीं दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरने–प्रदर्शन को भी बंद करा दिया गया था और उनके टेंट हटा दिए गए थे। इसके बाद 30 मई को पहलवान हरिद्वार पहुंचे थे और ओलंपिक समेत कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीते पदकों को गंगा में बहाने का फैसला लिया था। हालांकि, किसान नेता नरेश टिकैत की मांग पर पहलवानों ने गंगा में पदक बहाने के फैसले को टाल दिया दिया था।

इसके बाद शनिवार रात को साक्षी, बजरंग और विनेश ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान पहलवानों ने गृह मंत्री से बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसके बाद गृह मंत्री ने पहलवानों से बिना भेदभाव के पूरी जांच का भरोसा दिया था। अमित शाह ने कहा कि इस मामले में कानून अपना काम करेगा। पुलिस जांच कर रही है। इसके बाद ही पहलवान काम पर लौट गए हैं।

## अब निकलेगा डब्लूएफआई का समाधान! अमित शाह से पहलवानों ने की मुलाकात

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्लूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी प्रदर्शन के बीच पहलवानों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। हालांकि, इस बैठक के दौरान क्या बात हुई, इसे लेकर सरकार या पहलवानों की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब रेसलर्स ने सिंह के खिलाफ कार्रवाई के लिए 5 दिनों का समय दिया था।खबर है कि शनिवार को हुई शाह और पहलवानों के बीच बैठक देर रात 2 घंटों से ज्यादा समय तक चली। इसमें रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और कुछ कोच शामिल हुए थे। इनके अलावा स्टार रेसलर विनेश फोगाट भी प्रदर्शन में जमकर आवाज उठाती नजर आ रही हैं।

## दिल्ली में बड़े भाई ने की छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पश्चिम पुरी इलाके में 25 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके बड़े भाई ने चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान शहीद सिंह कैंप के पास जेजे क्लस्टर निवासी अनारजीत के रूप में हुई है।अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अजय (27) के रूप में पहचाने गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के मुताबिक, रात करीब ढाई बजे गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में अनारजीत को भर्ती किया गया, जिसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।मृतक के सीने पर चाकू से वार करने और माथे पर चोट के निशान थे।

पूरी घटना को देखने वाली 70 वर्षीय वृद्ध मां सुंदरी देवी ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे एक ग्राहक और अजय के बीच अंडे के भुगतान को लेकर मामूली झगड़ा हो गया, जिसमें अनारजीत और उसी इलाके में रहने वाले एक अन्य अंडा विक्रेता रवि ने बीच–बचाव किया ।

### भारत–अमेरिका के बीच ऐतिहासिक समझौता

# इंडो–पैसिफिक में नाटो पर ऑस्टिन का बड़ा बयान



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और अमेरिका ने रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बेहतर बनाने और आगे बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। इस रोडमैप के तहत दोनों देश नई प्रौद्योगिकियों के सह–विकास के साथ ही मौजूदा और नई प्रणालियों के सह–उत्पादन पर काम करेंगे। साथ ही साथ दोनों देश रक्षा स्टार्ट–अप पारिस्थितिक तंत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा भी देगें। वहीं, बैठक के बाद अमेरिकी रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में नाटो की स्थापना वाले चीन के बयान पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हम इस क्षेत्र में ऐसा कुछ नहीं करने जा रहे हैं।

इस रोडमैप पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के बीच एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान सहमति बनी। यह आने वाले सालों के लिए दोनों देशों की रक्षा नीतियों का मार्गदर्शन करेगा। इसे लेकर रक्षा मंत्रालय ने एक बयान भी जारी किया है। मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस चर्चा में औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के तरीकों की पहचान करने पर विशेष रूप से विमर्श किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने यूएस–इंडिया डिफेंस इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन पर सहमति बनाई। इसके साथ ही राजनाथ सिंह और लॉयड ऑस्टिन ने मजबूत और बहुमुखी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और सहयोग की गति को और तीव्र बनाने पर सहमति जताई।

इस दौरान दोनों नेताओं ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में अपने साझा हित को देखते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि भारत–अमेरिका की साझेदारी खुले हिंद–प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि हम क्षमता निर्माण और अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के साथ निकटता से काम करने के लिए तत्पर हैं।

इस वार्ता के दौरान रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग और अध्यक्ष रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (ऊफ्रऊड) डॉ समीर वी कामत भी शामिल थे।

अपने भारत दौरे के दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में नाटो की स्थापना को लेकर चीन के दावों पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना की कोशिश नहीं कर रहा है। हमारा उद्देश्य इंडो–पैसिफिक क्षेत्र को व्यापार के लिए आजाद रखना है। और हम इसकी सुरक्षा के लिए अपने जैसे विचार वाले देशों के साथ काम करना है। उनका यह बयान चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू के उस बयान पर आया है जिसमें उसने कहा था कि अमेरिका इंडो–पैसिफिक क्षेत्र में नाटो जैसा सैन्य संगठन बनाने की तैयारी कर रहा है।

## वॉशिंगटन डीसी के ऊपर दिखा अज्ञात विमान, एफ–16 ने पीछा किया तो हुआ क्रैश

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के ऊपर रविवार को एक अज्ञात विमान उड़ता दिखाई दिया। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने उस रहस्यमयी विमान का पीछा किया, जो बाद में वर्जीनिया में क्रैश हो गया। अमेरिकी वायुसेना का कहना है कि उन्होंने विमान को निशाना नहीं बनाया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एफ–16 जेट ने सुपरसोनिक स्पीड से उड़ान भरी, जिससे वॉशिंगटन डीसी में विमान की तेज ध्वनि सुनी गई और लोग घबरा गए। यूएस नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने बयान जारी कर कहा है कि एफ–16 जेट ने विमान के पायलट का ध्यान बंटाने के लिए आग की लपटे भी छोड़ी लेकिन सारी कोशिशें बेकार गईं। वहीं अज्ञात विमान के अचानक संवेदनशील क्षेत्र में उड़ान भरने के कारण अमेरिकी संसद और राष्ट्रपति भवन में अलर्ट जारी कर दिया गया था। राष्ट्रपति जो बाइडन को भी इसके बारे में जानकारी दी गई है।

विमान में दो महिलाएं एक बच्ची सवार थी

अब मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान सेसेना 560 सिटेशन वी, विमान था और वह रविवार शाम करीब 3.20 बजे वर्जीनिया के जॉर्ज वॉशिंगटन नेशनल फॉरेस्ट में क्रैश हो गया। हादसे के वक्त विमान में चार लोग सवार थे, जिनके बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। वर्जीनिया स्टेट पुलिस दुर्घटनाग्रस्त विमान की तलाश में खोजी अभियान चला रही है। अंधेरा होने की वजह से खोजी अभियान में दिक्कतें आ रही हैं और अब सोमवार को ही दुर्घटनास्थल फिर से अभियान चलाया जाएगा।जांच में पता चला है कि विमान फ्लोरिडा की कंपनी एनकोर मोटर्स ऑफ मेलबर्न का विमान था। कंपनी की अध्यक्ष बारबरा रुमपेल के पति जॉन रुमपेल ने बताया कि विमान पर उनकी बेटी, उनकी नातिन और उसकी नैनी विमान में सवार थी।

# मृतकों के परिजनों की मदद के लिए आगे आईं ममता, परिवार के सदस्य को नौकरी देने का एलान



**कोलकाता, एजेंसी।** ओडिशा के बालेश्वर में हुए रेल हादसे में पश्चिम बंगाल के कई लोगों की जान गई है और कई घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच सीएम ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए आज बड़ा एलान किया है। ममता ने मृतकों औ के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कही है।

हावड़ा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दुर्घटना में कुछ लोगों ने जान गंवा दी और कुछ ने अपने हाथ, पैर खो दिए। ऐसे लोगों के लिए हमारी सरकार ने फैसला लिया है कि हम इनके परिवार के किसी एक सदस्य को स्पेशल होमगार्ड की नौकरी देंगे।

बालासोर दुर्घटना में कुछ लोगों ने अपने हाथ, पैर खो दिए। ऐसे लोगों के लिए हमारी सरकार ने फैसला लिया है कि हम इनके परिवार के किसी एक सदस्य को स्पेशल होमगार्ड की नौकरी देंगेः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, हावड़ा ॅ३३स्र२://३ृ्ड्ढ/ऊ0१३८६'वल्ल स्रू.३६३३ी१ृ्ड्ढ/४६त्र्र्ल्ल'६७ढ

ममता ने कहा कि बंगाल सरकार राज्य के उन लोगों को भी नकद सहायता देगी जो कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे और वर्तमान में मानसिक और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं। वह अलग–अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे घायल यात्रियों से मिलने के लिए मंगलवार को भुवनेश्वर और कटक जाएंगी।

सीएम ने कहा कि वर्तमान में ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में पश्चिम बंगाल के 206 घायल यात्रियों को भर्ती कराया गया है।

उन्होंने कहा, "कटक के अस्पतालों में 33 गंभीर घायल यात्री हैं, बंगाल के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ जाएंगे। वह बुधवार को पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि के चेक और नियुक्ति पत्र वितरित करेंगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वह दुर्घटना पर किसी भी तरह की राजनीति में नहीं पड़ना चाहतीं और घायल यात्रियों और उनके परिवारों की मदद के लिए सब कुछ करेंगी।

सूत्रों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए राज्य के यात्रियों के इलाज और पुनर्वास की निगरानी के लिए बनर्जी ने दिन में अंतिम समय में दार्जिलिंग की अपनी चार दिवसीय यात्रा रद्द कर दी।

## धोखाधड़ी के आरोप में भारतीय मूल की महिला को ब्रिटेन में पढ़ाने पर रोक

**लंदन , एजेंसी।** भारतीय मूल की एक महिला को ब्रिटेन के शिक्षा विभाग ने कम से कम दो साल के लिए शिक्षण से प्रतिबंधित कर दिया है, क्योंकि उसने 2018 में एक स्कूल में अपने खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को छुपाया था। दीप्ति पटेल लंदन से बोल्टन चली गईं, जब वह 2018 में मॉस साइड में मैनचेस्टर अकादमी में शारीरिक शिक्षा की प्रमुख बनीं।

पटेल ने कहा कि इसका कारण उनके घर पर सशस्त्र चोरी थी, और घटना के बाद परिवार ने दसियों हजार पाउंड के लिए बीमा का दावा किया।

लेकिन जांच में पाया गया कि यह एक काल्पनिक चोरी थी और बीमा दावा धोखाधड़ी था।

पटेल पर धोखाधड़ी अधिनियम के तहत अपराध का आरोप लगाया गया था, लेकिन जब दोषी ठहराया गया, तब उसने स्कूल को मामले के बारे में बताया।रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने छुट्टी के आवेदन पर भी झूठ बोला, यह कहते हुए कि बच्चे को अपॉइंटमेंट पर ले जाना है, जबकि उसे सेंट अल्बंस क्राउन कोर्ट में पेश होना था।

## सिगरेट पीने के विवाद में छात्रों व सिक्योरिटी गार्ड के बीच मारपीट, 15 घायल

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर सिक्योरिटी गार्डस की दबंगई देखने को मिली है, जब देर रात सिगरेट पीने को लेकर उनका जिम्स हॉस्टल के छात्रों के साथ विवाद हो गया। गाडी एकत्र होकर हॉस्टल के छात्रों का हमला बोल दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें 15 छात्र घायल हुए। गाडी ने छात्रों की कई मोटरसाइकिलें भी तोड़ डाली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने 33 लोगों को हिरासत में लिया है। और दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच चल रही है। घटना गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में स्थित मुंशी प्रेमचंद हॉस्टल की है।

## गर्ल्स स्कूल में 80 छात्राओं को पिला दिया जहर, 7 अध्यापक, 5 अभिभावक और एक कर्मी भी शामिल



**सारी पुल , एजेंसी।** अफगानिस्तान के उत्तरी सारी पुल प्रांत के संचारक जिला में प्राथमिक बालिका विद्यालय की सैकड़ों छात्राओं को जहर दिए जाने का मामला सामने आया है ।सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक मुफ्ती आमिर सरिपुली ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संचारक जिले के काबोद आब क्षेत्र में फैजाबाद बालिका विद्यालय की कुल 77 छात्राओं, सात शिक्षकों, पांच माता–पिता और एक कर्मचारी को जहर दिया गया था, लेकिन इन लोगों की हालत स्थिर है।

एक अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। इस बीच, एक प्रभावित छात्रा की मां महनाज ने इस घटना की निंदा की और प्रांतीय प्रशासन से इस अपराध के पीछे लोगों की पहचान करने और उन्हें न्याय दिलाने का आह्वान किया। एक अन्य छात्रा अली आगा करबलाई के पिता ने प्रभावित छात्रों की संख्या 80 बताई और कहा कि वह अपनी बेटी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार 80 छात्रों सहित 87 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

## अंडर गारमेंट्स कंपनी का सर्वर हैक, हैकर ने 15 लाख हिंदू लड़कियों का डेटा इस्लामिक देशों को बेचा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने ऑनलाइन लेडिज अंडर गारमेंट्स सप्लाई करने वाली एक कंपनी का सर्वर हैक कर 15 लाख महिलाओं का डेटा चोरी करने वाले आरोपी संजय सोनी को उदयपुर से गिरफ्तार किया।

उदयपुर निवासी आरोपी संजय कंपनी प्रतिनिधियों को ब्लैकमेल कर पैसे भी वसूल रहा था। बता दें कि लड़कियों का ये डेटा इस्लामिक देशों को बेच डाला। आरोपी डेटा लीक करने की धमकी देकर कंपनी को ब्लैकमेल भी कर रहा था। वह कंपनी को ब्लैकमेल कर उससे 1500 डॉलर वसूल भी चुका है।

# एनएसए लगाने को दी चुनौतीः अमृतपाल के साथी ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका



**केंद्र और पंजाब सरकार को नोटिस**

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के साथी गुरमीत सिंह भुक्कनवाला ने पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत गिरफ्तारी व कार्रवाई को चुनौती दी है। याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र व पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

गुरमीत सिंह भुक्कनवाला ने याचिका दाखिल करते हुए बताया कि अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए 18 मार्च से पंजाब में ऑपरेशन शुरू किया गया था। उसी दिन अमृतपाल के कई साथियों को गिरफ्तार कर उन पर एनएसए (नेशनल सिक्योरिटी एक्ट) लगा उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया था। याचिकाकर्ता भी उनमें से एक था।

याची पर आरोप है कि 23 फरवरी को अजनाला पुलिस थाने पर हुए हमले में वह शामिल था। इसके साथ ही यह भी आरोप है कि उसने अमृतपाल के समर्थन में युवाओं को भड़काया। उसके लिए लोकल नेटवर्क खड़ा करके संगठन को मजबूत किया और अमृतपाल को पुलिस की पहुंच से दूर रखने के लिए हर तरह का इंतजाम किया था।

याची ने कहा कि 23 फरवरी को जिस दिन अजनाला के पुलिस थाने पर हमला किया गया था उस दिन वह जेल में था। जेल से वह शाम को पांच बजे रिहा हुआ था और ऐसे में वह कैसे इस हमले में शामिल हो सकता है। याची ने कहा कि उस पर लगाया गया आरोप पूरी तरह से गलत है। ऐसे में याचिकाकर्ता ने अपील की है कि उसके खिलाफ एनएसए के तहत की गई कार्रवाई को रद्द किया जाए। साथ ही डिब्रूगढ़ जेल में रखने को भी याचिकाकर्ता ने अवैध हिरासत करार देते हुए रिहा करने का आदेश जारी करने की अपील की है। याचिका पर हाईकोर्ट ने अब केंद्र व पंजाब सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

# जॉश हेजलवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर



बेकनहम । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ जॉश हेज़लवुड एड़ी की चोट के कारण भारत के खिलाफ सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गये हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी।

हेज़लवुड की जगह माइकल नेसर को ऑस्ट्रेलिया की 15–सदस्यीय स्चड में शामिल किया गया है। सीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हेज़लवुड ने हालिया अभ्यास सत्रों में गेंदबाज़ी ज़रूर की है लेकिन वह अभी भी बाईं एड़ी और पेट की मांसपेशियों (साइड स्ट्रेन) की समस्या से जूझ रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, जॉश को हरी झंडी दिखाई जा सकती थी लेकिन हम सिर्फ इस मुकाबले को ध्यान में रखते हुए अपने आगामी मैचों को नहीं भूल सकते।

उन्होंने कहा, माइकल ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और यह जानते हुए कि वह (राष्ट्रीय टीम) के करीब रहेंगे, उन्होंने वहां खेलना जारी रखा और हम उन्हें (टीम के साथ जुडऩे के लिये) बुला सके। हम तेज गेंदबाजी समूह में जोडऩे के लिये एक अच्छे खिलाड़ी हैं।

ऑस्ट्रेलिया को लंदन के द ओवल मैदान पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत से भिडऩे के बाद पांच मैचों की एशेज़ टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड का सामना भी करना है, जिसकी शुरुआत 16 जून को बर्मिंघम के एजबैस्टन मैदान पर होगी।

बेली ने कहा, इससे जॉश को एजबैस्टन में उतरने से पहले पर्याप्त तैयारी का समय मिलेगा। करीब सात हफ्तों में छह टेस्ट खेलने के लिये हमें अपने सभी तेज गेंदबाजों की जरूरत होगी।

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्र्यू मैकडॉनल्ड ने कहा कि जहां उनकी टीम डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने के लिये तत्पर है, वहीं वह अपने तेज गेंदबाजों को जोखिम में भी नहीं डाल सकते।

मैकडॉनल्ड ने संवाददाताओं से कहा, बेशक हमने (आगामी मैचों पर) विचार किया। हम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकते। हमें डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना है जिसके लिये हम उत्साहित हैं। लेकिन हमें उसके बाद अपना ध्यान इंग्लैंड और एशेज़ की तरफ़ भी मोडऩा है।

उन्होंने कहा, इसके लिये बहुत कम समय मिलने वाला है, लेकिन हम इसके आदी हैं। हम हमेशा प्रबंधन को लेकर विचार करेंगे। मैं कहूंगा कि हमारे तेज गेंदबाजों में बदलाव होते रहेंगे।

नेसर पहले से ही इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में ग्लैमोर्गन के लिये खेल रहे हैं जहां उन्होंने 25.63 की औसत से 19 विकेट चटकाये हैं।

उल्लेखनीय है कि हेज़लवुड ने पिछले तीन सालों में बार–बार चोटग्रस्त होने के कारण सिर्फ तीन टेस्ट खेले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ी हेज़लवुड इस साल आईपीएल में भी सिर्फ तीन मैच ही खेल सके थे।

ऑस्ट्रेलिया टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस (विकेटकीपर), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

### भारत को 36 रन पर ऑल आउट करने वाला ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इस वजह से हुआ टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर

नई दिल्ली ,। सात जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट चैंपियनशिप 2021–23 का फाइनल मैच खेला जाएगा। इंग्लैंड के ओवल में होने वाले इस मैच से पहले कंगारू टीम को करारा झटका लगा है। जोश हेजलवुड चोट के चलते इस मैच से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह माइकल नेसर को टीम में शामिल किया गया है। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं और उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने 2020 में भारतीय टीम 36 रन पर समेट दिया था। इस पारी में हेजलवुड ने पांच विकेट लिए थे। हेजलवुड लंबे समय से चोट से जूझ रहे हैं। आईपीएल 2023 में भी वह आरसीबी के लिए सिर्फ नौ ओवर की गेंदबाजी कर पाए थे। वह टूर्नामेंट खत्म होने से पहले ही चोट के चलते अपने देश लौट गए थे। टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच से पहले उनके फिट होने की उम्मीद थी। इसी वजह से उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह समय पर फिट नहीं हो पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेलनी है। इसी वजह से ऑस्ट्रेलियाई टीम मैनेजमेंट हेजलवुड की चोट को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा रहा है। हेजलवुड की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किए गए माइकल नेसर शानदार फॉर्म में हैं। इंग्लैंड की कंट्री चैंपियनशिप में ग्लैमरगन के लिए नेसर हाल ही में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराकर सीरीज बराबर की



हंबनटोटा । श्रीलंका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को 132 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1–1 से बराबरी कर ली।

मेज़बान टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डिमुथ करुणारत्ने (52) और कुसल मेंडिस (78) के अर्द्धशतकों की मदद से अफगानिस्तान के सामने 324 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में अफगानिस्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (57) और इब्राहीम ज़ादरान (54) के अर्द्धशतकों के बाद भी 191 रन पर ऑलआउट हो गयी। श्रीलंका की इस जीत में योगदान देते हुए वानिंदू हसरंगा और धनन्जय डी सिल्वा ने तीन–तीन विकेट लिये, जबकि दुश्मंता चमीरा ने दो विकेट चटकाये। महीष तीक्षणा को एक सफलता हासिल हुई। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का चुनी और करुणारत्ने ने पथुम निसंका के साथ पहले विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी की। निसंका ने 56 गेंद पर छह चौकों की मदद से 43 रन बनाये, जबकि करुणारत्ने ने 62 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के स्पिनरों ने इन दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया लेकिन इसके बाद मेंडिस ने पिच पर पांव जमा लिये। मेंडिस ने 75 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बनाते हुए सदीरा समरविक्रमा के साथ 88 रन की साझेदारी की। समरविक्रमा ने भी पांच चौकों की सहायता से 44 रन का योगदान दिया। चरित असलंका (12 गेंद, छह रन) भले ही छोटे स्कोर पर आउट हो गये, लेकिन डी सिल्वा (24 गेंद, 29 रन), दसुन शनाका (13 गेंद, 23 रन) और हसरंगा (12 गेंद, 29 रन) ने अंत में तेजी से रन जोड़ते हुए श्रीलंका को 300 रन के पार पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान कभी भी जीत की ओर बढ़ती हुई नहीं लगी। मेहमान टीम ने रहमानुल्लाह गुरबाज़ का विकेट गंवाने के साथ सिर्फ 10 ओवर में सिर्फ 33 रन जोड़े। इब्राहीम ने रहमत शाह (42 गेंद, 36 रन) के साथ 51 रन की जबकि हशमतुल्लाह के साथ 84 रन की साझेदारी की, हालांकि रनगति धीमी होने के कारण अफगानिस्तान पर दबाव बढ़ता गया। अफगानिस्तान के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले हशमतुल्लाह ने 62 गेंद पर 57 रन बनाये, जबकि इब्राहीम ने 75 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। इब्राहीम के रूप में अफगानिस्तान का तीसरा विकेट 146 रन पर गिरने के बाद टीम को 19.3 ओवर में 177 रन की जरूरत थी। रनगति के दबाव में अफगानिस्तान के आखिरी सात विकेट सिर्फ 45 रन के अंदर गिर गये और पूरी टीम 191 रन पर ढेर हो गयी। श्रीलंका ने इस जीत के साथ श्रृंखला बराबर कर ली है। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच बुधवार को खेला जायेगा।

# भारत ने ब्रिटेन को शूटआउट में हराया

लंदन । भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4–2 (4–4) से मात दी। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवां मिनट), मनदीप सिंह (19वां मिनट), सुखजीत सिंह (27वां मिनट) और अभिषेक ने गोल किये, जबकि ब्रिटेन की ओर से सैम वॉर्ड (आठवां, 40वां, 47वां मिनट, 53वां मिनट) ने चार गोल दागकर मुकाबले को शूटआउट में पहुंचा दिया।

शूटआउट में हालांकि भारत का पलड़ा साफ तौर पर भारी रहा। मेहमान टीम की ओर से मनप्रीत, हरमनप्रीत, ललित और अभिषेक ने गोल किये। ब्रिटेन के लिये कालनन और ज़ैकरी वॉलेस ही गोल कर सके।

पिछले मैच में ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम को 5–1 से हराने के बाद भारतीय टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरी। ब्रिटेन ने तीसरे मिनट में खाता खोलने का प्रयास किया लेकिन युवा गोलकीपर कृष्णा पाठक ने इस प्रयास को असफल कर दिया। ब्रिटेन छठे मिनट में मिली पेनल्टी कॉर्नर पर भी गोल नहीं कर सका, जबकि एक मिनट बाद हरमनप्रीत ने शॉर्ट कॉर्नर पर गोल करके भारत का खाता खोल दिया।

मेहमान टीम की बढ़त हालांकि कुछ देर तक ही रही और वॉर्ड ने दर्शनीय ड्रैग फ्लिक के साथ गेंद को नेट में पहुंचाकर स्कोर बराबर कर दिया। ब्रिटेन 15वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर सका लेकिन चर्टर खत्म होने से पहले भारत की बढ़त समाप्त कर दी थी।

दूसरे चर्टर में भी भारत की फॉरवर्ड पंक्ति ने जौहर दिखाने का मौका नहीं छोड़ा।अभिषेक 18वें मिनट में गेंद को लेकर ब्रिटेन के सर्किल में पहुंच गये। वह इस मौके को गोल में नहीं बदल सके, लेकिन मनदीप ने अगले ही मिनट में गेंद को गोली की रफ्तार से ब्रिटेन के नेट में पहुंचा दिया।

बढ़त लेने के बाद भी भारत की रफ्तार कम नहीं हुई और हाफ टाइम से दो मिनट पहले सुखजीत ने हार्दिक सिंह की मदद से मेहमान टीम का तीसरा गोल किया।

हार की ओर बढ़ रही ब्रिटेन को आक्रामक हॉकी खेलने की जरूरत थी, जो सैम वॉर्ड की ओर से देखने को मिली। उन्होंने 40वें मिनट में मजबूत ड्रैग फ्लिक मारकर ब्रिटेन का दूसरा गोल किया, जबकि चौथे चर्टर के दूसरे ही मिनट में उन्होंने भारतीय सर्किल को भेदकर स्कोर बराबर कर दिया।

अभिषेक ने भारत को एक बार फिर बढ़त की स्थिति में पहुंचाया लेकिन वॉर्ड ने अपना चौथा गोल करते हुए एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया। विजयी गोल तलाशने की दोनों टीमों की पुरज़ोर कोशिशों के बावजूद मैच बराबरी पर खत्म हुआ।

# रिकॉर्ड 17वीं बार रोलां गैरो के क्वार्टरफाइनल में नडाल

पेरिस सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए फ्रेंच ओपन के चर्टरफाइनल में जगह बना ली। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में जोकोविच ने पेरू के हुआन पाबलो वारिलास को 6–3, 6–2, 6–2 से मात दी। जोकोविच मात्र एक घंटे 57 मिनट चले मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह हावी रहे और कोर्ट के दोनों हिस्सों में बराबर प्रहार किया। उन्होंने इस दौरान 35 विनर शॉट खेलते हुए हुआन को सीधे सेटों में मात दी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, कोर्ट पर, दर्शकों से और खुद से भी काफी ऊर्जा मिली। मैंने इसका आनंद लिया। यह टूर्नामेंट में अब तक का मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। उन्होंने अपनी फॉर्म पर कहा, यह (फॉर्म) बिल्कुल सही समय पर लौटी है, क्योंकि मैं दूसरे सप्ताह में आ रहा हूं और जाहिर तौर पर एक और चर्टरफाइनल खेल रहा हूं। मैच कठिन होने वाले हैं। सामने बड़ी चुनौतियां हैं, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रहा हूं और जिस तरह से महसूस कर रहा हूं, वह मुझे पसंद है, इसलिए मैं एक नई चुनौती के लिये तैयार हूं। चर्टरफाइनल में जोकोविच का मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव से होगा, जो इटली के लोरेंज़ो सोनेगो को हराकर शीर्ष–आठ में आ रहे हैं। कोर्ट सूजऩ–लेंगलेन पर खेले गये मुकाबले में 11वीं सीड खचानोव ने सोनेगो को 1–6, 6–4, 7–6 (9–7), 6–1 से हराकर चर्टरफाइनल में कदम रखा। खचानोव ने इससे पहले अमेरिकी ओपन 2022 और ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के चर्टर–फाइनल में भी जगह बनायी थी। खचानोव ने जीत के बाद कहा, दूसरा सेट आधा समाप्त होने के बाद मैं सोच रहा था कि मैं यहां क्या कर रहा हूं। वह गेंद को कोर्ट के चारों ओर मार रहा था, लेकिन मैंने संघर्ष करने का फैसला किया। सोनेगो ने मुकाबले की मज़बूत शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता, जबकि खचानोव को भी लय हासिल करने में समय लगाया। खचानोव ने दूसरे सेट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। तीसरे सेट में सोनेगो ने 4–0 की बढ़त बना ली, लेकिन लय बरकरार न रख पाने के कारण वह 5–6 से पिछड़ गये। खचानोव ने इसका फायदा उठाते हुए टाइब्रेकर में यह सेट जीत लिया। सोनेगो इससे उभर नहीं सके और चौथे सेट में सिर्फ एक गेम जीतने के कारण हारकर रोलां गैरो से बाहर हो गये। इसी बीच, एनेस्तेसिया पावल्युचेंकोवा ने चौथे दौर में बेल्जियम की एलिसे मर्टेन्स को 3–6, 7–6 (7–3), 6–3 से मात दी। रूसी खिलाड़ी अब दूसरे रोलां गैरो सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये कैरोलीना मुकोवा का मुकाबला करेंगी,

# ईलम चंद इन्सां ने ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनशिप में जीते चार गोल्ड



सिरसा ,। कहते हैं कि अगर इंसान के हौसले बुलंद हों तो आगे बढऩे में कभी उम्र आड़े नहीं आती तथा अपने संघर्ष और जज्बे से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। यह साबित कर दिखाया है 90 बसंत देख चुके व्योवृद्ध खिलाड़ी ईलम चंद इन्सां ने। ईलम चंद इन्सां ने न केवल अपनी उम्र के बल्कि अपने पोतों की उम्र के प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर मेडलों के चौहरे शतक लगा चुके हैं।

शाह सतनाम जी नगर में रहने वाले अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी व वयोवृद्ध एथलीट ईलम चंद इन्सां ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए गुडग़ांव में रुरल इंडिया स्पोर्ट्स डिवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हुई ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण हासिल किए है। ईलम चंद इन्सां ने अपनी जीत का पूरा श्रेय डेरा सच्चा सौदा, सिरसा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की पावन शिक्षाओं और रहमत को दिया। गुडग़ांव के ताऊदेवीलाल स्टेडियम में तीन दिवसीय रुरल इंडिया स्पोर्टस डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ओपन नेशनल स्पोर्टस चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। जिसमें 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपने जौहर दिखाए। बुजुर्ग एथलीट ईलम चंद इन्सां ने 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में खेलते हु ए पोल वोल्ट, लॉन्ग जम्प व हाई जंप में स्वर्ण पदक और योगा में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा व गांव शाह सतनाम जी पुरा का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि खेलने से पूर्व वह 16 वर्ष तक स्कूल के प्रिंसिपल की सेवाएं दे चुके हैं। योग की शुरुआत उन्होंने वर्ष 2000 में की। तब से वह जिस भी प्रतियोगिता में खेलने जाते हैं, वहां से कई पदक जीतकर ही लौटते हैं।

## फिल्मी सफर

# भूल भुलैया 2ः तमिल में बनेगा इस सुपरहिट फिल्म का रीमेक, सिंघम के निर्माता लगाएंगे दांव



कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 एक बार फिर चर्चा में आ गई है। जहां अब भूल भुलैया 3 की तैयारी चल रही है, वहीं खबर है कि दूसरे भाग की लोकप्रियता देख अब इसे तमिल में बनाया जा रहा है, ताकि तमिल भाषी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकें। भूल भुलैया के बाद भूल भुलैया 2 को भी दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। अब साउथ के निर्माता इसी लोकप्रियता को अपनी फिल्म में भुनाना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिष्ठित निर्माता ज्ञानवेल राजा ने फिल्म को बनाने के राइट्स हासिल कर लिए हैं। वह तमिल रीमेक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ज्ञानवेल के अलावा साउथ के दूसरे निर्माता भी अधिकार हासिल करने की दौड़ में शामिल थे। ज्ञानवेल ने भी इस खबर की पुष्टि कर दी है। अब बेशक उन दर्शकों की खुशी का ठिकाना नहीं होगा, जो भूल भुलैया 2 के तमिल संस्करण की राह देख रहे थे। ज्ञानवेल ने कहा ,हां, मैंने भूल भुलैया 2 के साउथ रीमेक राइट्स खरीदे हैं। मेरा मानना है कि यह एक अलग अंदाज में यहां बताई जाने वाली एक अच्छी कहानी साबित होगी। फिल्म के लिए कलाकारों का चयन मैंने अभी नहीं किया है। कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कलाकारों के नाम पर मोहर लगेगी। ज्ञानवेल प्रोडक्शन कंपनी स्टूडियो ग्रीन के मालिक हैं। उन्होंने परुथीवीरन, सिंघम, नान महान अल्ला, सिरुथाई और मद्रास जैसी कई यादगार फिल्में बनाई हैं। भूल भुलैया 2 ने शानदार प्रदर्शन किया था। बॉक्स ऑफिस पर इसने कई रिकॉर्ड बनाए थे। यह 2022 की इकलौती फिल्म थी, जो सुपरहिट हुई थी। सिनेमाघर लगातार हाउसफुल जा रहे थे। कार्तिक की इस फिल्म ने सिनेमाघरों में पड़े सूखे को खत्म कर दिया था।

70 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 266 करोड़ रुपये बटोरे थे। अनीस बाज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कार्तिक की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी। भूल भुलैया 2 2007 में आई कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया की दूसरी कड़ी है। यह सुपरस्टार मोहनलाल की हिट मलयालम फिल्म मणिचित्राथझु का हिंदी रीमेक है, जो 1993 में रिलीज हुई थी। ओरिजनल फिल्म में मोहनलाल एक मनोचिकित्सक की भूमिका में थे।

### निखिल सिद्धार्थ की अगली फिल्म स्वयंभू का फर्स्ट लुक जारी

तेलुगू स्टार निखिल सिद्धार्थ की 20वीं फिल्म स्वयंभू के निमार्ताओं ने प्री–लुक पोस्टर जारी करने के बाद गुरुवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर फर्स्ट लुक जारी किया।

भरत कृष्णमाचारी द्वारा निर्देशित और पिक्सेल स्टूडियोज बैनर के तहत भुवन और श्रीकर द्वारा निर्मित फिल्म स्वयंभू को टैगोर मधु प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल अगस्त में शुरू होगी।

स्वयंभू का अर्थ है स्व–जन्मा या वह जो अपने हिसाब से बना है। फर्स्ट–लुक पोस्टर में निखिल को युद्ध के मैदान में एक योद्धा के रूप में देखा जा सकता है। लंबे बालों और चेहरे पर मुस्कराहट के साथ, वह घोड़े की सवारी कर रहे हैं। उनके एक हाथ में भाला है, तो दूसरे हाथ में ढाल।

इसे निखिल के करियर की सबसे महंगी फिल्म कहा जा रहा है, जिसमें मनोज परमहंस की सिनेमाटोग्राफी, रवि बसरूर का म्यूजिक और वासुदेव मुनेपागरी के डायलॉग हैं।

# उर्वशी रौतेला आएंगी परवीन बाबी की बायोपिक में नजर



कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के बाद अब उर्वशी रौतेला अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गई हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर बताया है कि वह दिग्गज अभिनेत्री परवीन बाबी की बायोपिक में दिखाई देंगी। इस बायोपिक को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा चल रही थी, जिसका ऐलान हो गया है। अभिनेत्री ने इसकी जानकारी देते हुए परवीन बाबी को गर्व महसूस कराने की बात कही है, जिसमें बॉलीवुड असफल रहा था।उर्वशी कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी दिग्गज अभिनेत्री की बायोपिक के फोटोकॉल लॉन्च का हिस्सा बनने के लिए पहुंची थीं। अब उन्होंने फिल्म से जुड़ी अपडेट प्रशंसकों के साथ साझा करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया है। उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट का पहला पेज दिखाते हुए एक छोटी सी क्लिप साझा की है, जिसमें फिल्म के निर्देशक वसीम एस खान का नाम भी लिखा है। खान द्वारा निर्देशित इस अनटाइटल्ड बायोपिक को धीरज मिश्रा ने लिखा है।उर्वशी ने इस पोस्ट के साथ लिखा, बॉलीवुड असफल रहा, लेकिन परवीन बाबी मैं आपको गर्व महसूस कराऊंगी। ओम नमः शिवाय। वाकई ये नया सफर जादूई है। अभिनेत्री ने जो स्क्रिप्ट साझा की है, उसमें लिखा है कि यह फिल्म परवीन के फिल्मी सफर के साथ–साथ उनकी निजी जिंदगी के बारे में भी बताएगी। यह उनकी जिंदगी के सुनहरे पलों को पर्दे के जरिए दुनिया के सामने पेश करेगी। इस फिल्म को लेकर उर्वशी काफी उत्साहित हैं।उर्वशी के फिल्म की घोषणा करने के बाद से ही प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं और बायोपिक के लिए उन्हें बधाई दे रहे हैं। कोई परवीन के जीवन पर फिल्म बनाने के लिए उन्हें धन्यवाद कह रहा है तो कोई उर्वशी के लिए खुश है। एक ने लिखा, परवीन के रूप में आपको बड़े पर्दे पर देखने के लिए हम अपना उत्साह नहीं रोक सकते।

# तितली बनकर होश उड़ाती नजर आईं पलक तिवारी, खूबसूरती देखकर फैंस हुए बेताब



एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनका स्टाइलिश लुक और खूबसूरती फैंस के सिर आंखों पर चढक़र बोलती है। वहीं, लेटेस्ट बटरफ्लाई आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी ऑरेंज और ब्लैक कलर में तितली आउटफिट में एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। पलक तिवारी इस बोल्ड आउटफिट के साथ ओपन हेयर स्टाइल में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपनी सोख अदाओं से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी फेमस एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। लेकिन, दोनों को एक साथ खड़ा देखकर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज और मनमोहक स्माइल से सभी का दिल घायल कर देती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे।

# एसएसएमबी28 शीर्षक गुंटूर करमः महेश बाबू स्टारर का फर्स्ट लुक और टीजर आउट

सुपर स्टार महेश बाबू और शब्दों के जादूगर त्रिविक्रम श्रीनिवास के घातक संयोजन में तीसरी फिल्म एसएसएमबी28 का शीर्षक, सुपरस्टार महेश बाबू के कट्टर प्रशंसकों द्वारा सदाबहार सुपरस्टार कृष्णा के बर्थ एनिवर्सरी के अवसर पर लॉन्च किया गया है। टाइटल लॉन्च इवेंट सुदर्शन थिएटर में हुआ। फिल्म का शीर्षक गुंटूर करम है, जिसकी टैगलाइन अत्यधिक ज्वलनशील है, और शीर्षक के साथ–साथ शीर्षक दोनों ही सुपर प्रशंसकों और जनता को खुश करेंगे। शीर्षक और कैप्शन बहुत ही आकर्षक है। झलक में आते ही, महेश बाबू हाथ में एक छड़ी लेकर हरकत में आ जाते हैं, क्योंकि मिर्ची यार्ड में हर कोई उनका इंतजार कर रहा होता है। एंडी अट्टा सोस्तुन्नव... बीड़ी 3डी लो कनबदुथुंडा... महेश बाबू



गरजता है, जब वह जमीन पर झुक जाता है और दो माचिस की तीलियों से बीड़ी जलाता है। यह झलक महेश बाबू की दमदार स्क्रीन उपस्थिति, स्टाइलिश अपीयरेंस और बोलने के तरीके से प्रभावित करती है। उन्होंने गुंटूर कठबोली बोली। पीएस विनोद का कैमरा वर्क बेहद सराहनीय है, जिसमें एस थमन ने महेश बाबू के चरित्र को सभी उंचाई देने के लिए एक जबरदस्त स्कोर दिया है। त्रिविक्रम श्रीनिवास ने महेश बाबू को एक और ट्रांसफॉर्मेशन दिया है। उच्च बजट वाली फिल्म को एस राधाकृष्ण और नागा वामसी द्वारा हरिका और हसीन क्रिएशंस के तहत बैंकरोल किया गया है। फिल्म में पूजा हेगड़े, श्रीलीला और जगपति बाबू प्रमुख भूमिकाओं में हैं। गुंटूर करम का संपादन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तकनीशियन नवीन नूली द्वारा किया जाएगा, जबकि टीम में कला निर्देश-क एएस प्रकाश भी शामिल हैं।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com